* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 168

2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनेगा : चमरा लिंडा



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बाजार में हाहाकार, भारत में 20 लाख करोड़ स्वाहा

## ■ ट्रंप की टैरिफ नीति का भारत समेत पूरी दुनिया पर असर ■ मंदी का खतरा मंडराया, लोगों पर पड़ेगी महंगाई की मार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई/नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति का असर शुरू हो गया है। भारत समेत पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है। जानकारों की आशंकाओं के अनुरूप सप्ताह का पहला दिन 'ब्लैक मंडे' साबित हुआ। भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पहले दिन भारी गिरावट देखी गयी। सुबह 9:16 बजे बीएसइ सेंसेक्स 3,072 अंक यानी 4.09% गिरकर 72,296 पर आ गया। निफ्टी-50 भी 1,146 अंक यानी 5% गिरकर 21,758 पर आ गया। इस गिरावट से बीएसइ में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 19.4 लाख करोड़ रुपये घटकर 383.95 लाख करोड़ रुपये रह गया, यानी निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये डूब गये। कोविड महामारी के बाद दूसरी बार शेयर बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आयी है। लगभग सभी सेक्टर में गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मेटल 8% और निफ्टी आइटी 7% से ज्यादा गिर गया। निफ्टी ऑटो, रियल्टी और तेल-गैस में भी 5% से ज्यादा की गिरावट आयी। छोटे और मंझोले आकार की कंपनियों के शेयरों में भी भारी गिरावट हुई। स्मॉल-कैप इंडेक्स 10% और मिड-कैप इंडेक्स 7.3% तक गिर गया।

### पूरी दुनिया में गिरावट

भारत के अलावा दूसरे एशियाई बाजारों में भी भारी गिरावट आयी है। हांगकांग के हेंग सेंग में 2008 के वित्तीय संकट के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट आयी है।

चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया में भी भारी गिरावट आयी है।

### क्यों मचा है हाहाकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले आयात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने 60 से अधिक देशों पर समानुपातिक टैरिफ लगाया है। इससे डर फैल गया कि दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हो सकती है। टैरिफ की खबर से निवेशकों को झटका लगा और उन्होंने शेयर बेचना शुरू कर दिया। जानकारों ने शुक्रवार को ही शेयर बाजारों में गिरावट की चेतावनी दी थी। इस गिरावट का सीधा मतलव यह है कि इससे महंगाई बढ़ सकती है और आर्थिक विकास भी धीमा हो सकता है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।

### महंगाई से ज्यादा मंदी का डर

बाजार के जानकारों का मानना है कि अब लोगों को महंगाई से ज्यादा मंदी का डर है। अमेरिका में मार्च महीने के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े आने वाले हैं। अनुमान है कि इसमें 0.3% की बढ़ोतरी होगी, लेकिन लोगों को डर है कि टैक्स की वजह से खाने-पीने की चीजों से लेकर कारों तक, हर चीज महंगी हो जायेगी। कंपनियों को भी डर है कि उनकी कमाई कम हो जायेगी।



### सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका समेत पूरी दुनिया में मंदी की आहट के कारण सोने के भाव में लगातार गिरावट का दौर छाया हुआ है। सोमवार सात अप्रैल के दिन सोने-चांदी दोनों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सोना करीब 700 रुपये तक सस्ता हुआ। चांदी का भाव 4,000 रुपये तक कम हुआ है। चांदी के भाव में बीते एक हफ्ते में 10,000 रुपये तक की गिरावट आयी है।

### सरकार की नजर, सभी आवश्यक कदम उठायेंगे

शेयर बाजारों में आयी गिरावट का असर अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़े, इसके लिए सरकार तत्पर है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और उपयुक्त समय पर सभी आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। सूत्रों के अनुसार सरकार के स्तर पर कंटीजेंसी प्लान पर विचार किया जा रहा है।

### घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** शेयर बाजार में हाहाकार के बीच सोमवार को आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गयी हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से यह एलान किया। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नयी कीमतें आधी रात से लागू हो गयी हैं। पुरी ने कहा, एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाइ लाभार्थियों के लिए) हो जायेगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जायेगी। यह एक ऐसा कदम है, जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं।

### पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क दो रुपये बढ़ा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने का फैसला किया। राजस्व विभाग की अधिसूचना के मुताबिक केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर दो-दो रुपये उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया है। अब पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पेट्रोल-डीजल की नयी कीमतें आधी रात से लागू हो गयी हैं। उत्पाद शुल्क केंद्र सरकार द्वारा लगाया जाने वाला टैक्स है, जो ईंधन की कीमत का एक बड़ा हिस्सा बनाता है।

#### आम लोगों पर नहीं पड़ेगा बोझ

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जानकारी दी है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सूचित किया है कि उत्पाद शुल्क दरों में की गयी वृद्धि के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी। इस पूरे मामले पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा,आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी, जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं रिकॉर्ड पर पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ता पर नहीं डाला जायेगा। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गयी है, लेकिन हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं। उन्होंने आगे कहा,आप उम्मीद कर सकते हैं कि तेल विपणन कंपनियां वैश्विक कीमत के हिसाब से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करेंगी। एक विनियमन मुक्त क्षेत्र में, आप उनसे बाजार खुदरा मूल्य को तदनुसार समायोजित करने की उम्मीद कर सकते हैं।




## न्यूज रील्स


### अमित शाह ने अग्रिम मोर्चे पर जवानों का हौसला बढ़ाया

**कठुआ।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित बीएसएफ पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ के जवानों की सराहना की और उनके कठिन हालात में देश की सीमाओं को बचाने के उनके प्रयासों को सराहा। गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ के जवानों द्वारा सीमाओं की रक्षा में संघर्ष की कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने जवानों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उनके योगदान का उच्चतम सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए नयी तकनीकों का उपयोग करेगी। उनका कहना था कि विशेष रूप से भूमिगत सीमा पार सुरंगों को खोजने के लिए तकनीकी उपायों को लागू करना चाहिए। शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बलों को इन नयी तकनीकों से अधिक कुशलता से काम करने का मौका मिलेगा। बाद में राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन 11 शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जो आतंकवादी हमलों में मारे गये थे। उन्होंने शहीदों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की और सरकार की ओर से पूरी तरह से मदद करने का वादा किया। शहीदों के परिवारों ने इस दौरान अपनी मुश्किलों और संघर्षों को साझा किया, जो वे शहीदों की मौत के बाद झेल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि देश कभी नहीं भूल सकता कि शहीदों का बलिदान हुआ है और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता दी जायेगी।

# मनरेगा में 10 रुपये मजदूरी बढ़ी, अब झारखंड में मजदूरों को हर दिन मिलेंगे 282 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार ने मनरेगा में काम करने वालों की मजदूरी बढ़ा दी है। इस फैसले के बाद झारखंड में मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 282 रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) के लिए मनरेगा में मजदूरी बढ़ाने से संबंधित गजट अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड के मनरेगा मजदूरों को अब प्रति दिन 255 रुपये की दर से भुगतान किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने झारखंड में मनरेगा मजदूरी 245 रुपये निर्धारित की थी। अन्य राज्यों के मुकाबले झारखंड में मनरेगा मजदूरी कम होने की वजह से राज्य सरकार अपनी तरफ से 27 रुपये देती है। इससे झारखंड के मनरेगा मजदूरों को पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रति दिन 272 रुपये की दर से मजदूरी मिलती थी। चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा में काम करने वालों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली को मिला कर कुल 282 रुपये प्रति दिन की दर से मजदूरी मिलेगी। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए सबसे ज्यादा मजदूरी सिक्किम के तीन ग्राम पंचायतों के लिए निर्धारित की है। इन ग्राम पंचायतों में ज्ञानथांग, लाचुंग और लाचेन शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 389 रुपये की दर से मजदूरी मिलेगी।



# हनुमान वाटिका मंदिर को फिर से किया टारगेट 100 मीटर दूर फेंका गया प्रतिबंधित मांस, तनाव

## पिछले साल भी हनुमान वाटिका मंदिर में मांस फेंका गया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह हनुमान वाटिका मंदिर से लगभग 100 मीटर दूर महावीर झंडा के पास प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा पाया गया। वहीं कई महावीरी झंडा गायब भी हो गये। यह नजारा देख ग्रामीण आग बबूला हो गये। कहने लगे फिर से शुरू हो गया। थोड़ी ही देर में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हो गये। कहने लगे कब तक आखिर धर्म के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। आखिर क्यों बार-बार हमारे त्योहारों को टारगेट किया जा रहा है। आपको बता दें कि एक वर्ष पूर्व भी हनुमान वाटिका मंदिर के पास मांस का टुकड़ा फेंका गया था। उसके बाद मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाये गये थे। देखते ही देखते यह खबर चारों तरफ फैल गयी। आस पास की दुकाने बंद हो गयीं। बाजार भी बंद हो गये। हजारों की संख्या लोग सड़कों पर उतर आये।

### नवमी को धूमधाम से निकली थी शोभायात्रा



रविवार को क्षेत्र में धूमधाम से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी थी। सोमवार सुबह लोगों को झंडा उखाड़े जाने की जानकारी मिली। इसके बाद स्थानीय लोग वहां पहुंचे। मौके पर मांस का टुकड़ा भी बरामद किया गया। इसके बाद लोग नाराज हो गये। सड़क जाम के कारण मालवाहक ट्रकों और दूसरी गाड़ियों की कतार लग गयी। लोगों ने बताया कि हनुमान वाटिका मंदिर की घंटी और अन्य कई सामग्री भी गायब है।

### लोगों को समझाने में जुटे रहे अधिकारी

सड़क जाम की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, एसडीओ सुनील चंद्रा, इंस्पेक्टर मनोज कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी मो अमीर हमजा वहां पहुंचे। उनके साथ काफी संख्या में पुलिस जवान भी थे। अधिकारियों ने लोगों को काफी देर तक समझाया। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि महावीरी झंडा के पास से बरामद मांस को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। विरोध कर रहे लोगों को समझा-बुझा कर शांत करा दिया गया है। जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# गरीब, कमजोर, दलित को आगे बढ़ाना ही कांग्रेस का काम: राहुल

## भारी अव्यवस्था के बीच बेगूसराय में महज 20 मिनट में खत्म हुई पदयात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार की एक दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बेगूसराय में कांग्रेस की 'नौकरी दो पलायन रोको' यात्रा में् शामिल हुए। राहुल यात्रा में लगभग एक किलोमीटर तक पैदल चले। वे 20-25 मिनट की यात्रा के दौरान कपास्या चौक तक गये।

इस दौरान घरों की छतों और चौक-चौराहों से राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि, राहुल ने बेगूसराय में कोई सार्वजनिक भाषण नहीं दिया। पदयात्रा के दौरान भारी अव्यवस्था दिखी।

इसके बाद राहुल पटना चले गये। वहां उन्होंने संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बिहार में कांग्रेस पार्टी की भूमिका बताते हुए कहा कि गरीब, कमजोर, इबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को जोड़कर इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है।

कांग्रेस को पहले जो काम करना चाहिए था, जिस मजबूती से काम करना चाहिए था, वह हमने नहीं किया। हम अपनी गलती से समझे हैं। और हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के कमजोर और गरीब लोगों को लेकर एक साथ आगे बढ़ेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमने अपने जिला अध्यक्षों का चुनाव किया। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक बड़ा कदम है। लेकिन यह जरूरी कदम है।

पहले हमारे जिलाध्यक्षों की लिस्ट में दो तिहाई सवर्ण थे। अब हमारी सूची में पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के लोग हैं। मैंने बिहार की टीम को साफ बता दिया है कि आपका काम बिहार के गरीबों का नेतृत्व करना है। आपको गरीबों, दलितों को आगे बढ़ाना है। हम आपको राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं।

जो आज बिहार में हो रहा, जो एनडीए की सरकार बिहार में कर रही है, चुने हुए अरबपतियों के जरिये राजनीति चल रही है, अंबानी-अदाणी की राजनीति चल रही, उसको हम हराने जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि हम जानते हैं कि इस देश को बिहार की जनता डायरेक्शन देती है। जब राजनीतिक बदलाव हुआ, अंग्रेजों के खिलाफ राजनीतिक बदलाव आया, तो बिहार की जनता ने आवाज बुलंद कर यह बदलाव लाया।

हम सबसे जरूरी लक्ष्य संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। पहले पीएम मोदी 400 पार का नारा देते थे, तो इंडिया गठबंधन सामने आया, तो रिजल्ट सबके सामने है। आपने लोकसभा चुनाव में संविधान को बचाने का काम किया।



# सऊदी अरब ने भारत समेत 14 देशों पर लगाया वीजा प्रतिबंध

## उमराह, व्यापार और पारिवारिक यात्रा वीजा की मंजूरी प्रभावित होगी

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत 14 देशों के नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इससे उमराह, व्यापार और पारिवारिक यात्रा वीजा की मंजूरी प्रभावित होगी, जो जून के मध्य तक जारी रहेगा। माना जा रहा है कि सऊदी अरब सरकार ने हज तीर्थयात्रा के कारण भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के मकसद से यह प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि इसकी टाइमिंग उससे मेल खाती है। यह प्रतिबंध जून के मध्य तक लगाया गया है, यानी हज तीर्थयात्रा की समाप्ति तक यह आदेश प्रभावी रहेगा।

यह प्रतिबंध भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, यमन और मोरक्को सहित 14 देशों पर लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कथित तौर पर व्यक्तियों को उचित पंजीकरण के बिना हज करने की कोशिश करने से रोकने के लिए सऊदी अरब सरकार ने उठाया है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य पिछले साल की हज त्रासदी को दोहराने से रोकना है। बता दें कि पिछले साल अत्यधिक गर्मी और बड़ी संख्या में अपंजीकृत तीर्थयात्रियों की मौजूदगी के कारण भगदड़ मच गयी थी। इस घटना में कम से कम 12 सौ तीर्थयात्री मारे गये थे।

जानकारी के मुताबिक सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इस साल अधिकारियों को वीजा नियम कड़े करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद यह प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि उमराह वीजा रखने वाले लोग अभी भी 13 अप्रैल तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंध की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि कई विदेशी नागरिक उमराह या यात्रा वीजा पर सऊदी अरब आते हैं और लंबे समय तक देश में रुक जाते हैं। फिर यही लोग अवैध रूप से मक्का में हज में शामिल होते हैं, जहां भीड़ बढ़ जाती है और अव्यवस्था पैदा हो जाती है। ताजा नियमों के मुताबिक इस साल उमराह वीजा के लिए 13 अप्रैल तक आवेदन किये जा सकते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# ट्रंप की टैरिफ नीति से भारत पर छाया मंदी का खतरा

## ■ भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट, अर्थव्यवस्था को लगा झटका

## ■ भारत के लिए बेहद कठिन है आगे का रास्ता, सरकार का स्टैंड ही आगे की डगर तय करेगा

आजाद सिपाही विशेष

भारत में सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गयी। बांबे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से 3000-4000 अंक नीचे रहा। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों की गिरावट आयी। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। हालांकि, इसका असल असर सोमवार से दिखना शुरू हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है। सोमवार, 7 अप्रैल को शेयर मार्केट में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके कारण निवेशकों के करीब 19 लाख करोड़ रुपये डूब गये। हालांकि, इंडियन मार्केट में ऐसी गिरावटें में कई बार देखी गयी हैं और हर बार रिकवरी भी हुई है। जापान, हॉन्गकॉन्ग समेत अन्य एशियाई बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गयी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2025 के आखिर तक अमेरिका में आर्थिक मंदी आ सकती है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां बाजार में गिरावट देखी गयी है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? जहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था की बात है, तो ट्रंप की टैरिफ नीति से इस पर गंभीर असर पड़ने की आशंका व्यक्त की गयी है। इसके कारण भारत पर भी मंदी का खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिका का सीधा असर पड़ता है। ऐसे में यह स्थिति भारत के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है और भारत के लिए आगे का रास्ता बेहद कठिन होनेवाला है। लेकिन सुकून की बात यह है कि मोदी सरकार की बहुआयामी आर्थिक नीतियों के कारण इस संकट को भारतीय बाजार झेल सकते हैं। क्या है ट्रंप की टैरिफ नीति और क्या हो सकता है भारत पर इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारतीय शेयर बाजार में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति का असर दिखने लगा है। साप्ताहिक कारोबार के पहले दिन ही बाजार में चार हजार के करीब अंकों की गिरावट दर्ज की गयी, जो कोविड महामारी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। इस गिरावट के कारण निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बाजार की इस गिरावट को भारत पर मंदी की आहट कहा जा रहा है।

शेयर बाजार में सोमवार 7 अप्रैल को साल की दूसरी बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 2226 अंक (2.95%) गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 742 अंक (3.24%) की गिरावट रही, ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 4 जून 2024 को बाजार 5.74% गिरा था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में 7% तक गिरावट रही। जोमैटो का शेयर 0.17% ऊपर बंद हुआ। एनएसइ के सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 6.75% गिरा। रियल्टी में 5.69% गिरावट रही। ऑटो, फार्मा, सरकारी बैंक, ऑयल एंड गैस और आइटी सेक्टर 4% नीचे बंद हुए। वहीं 2 अप्रैल से अब तक कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम 12.11% घट चुके हैं। वहीं आज ब्रेंट क्रूड 4% टूटकर 64 डॉलर के नीचे फिसल चुका है। ये बीते 4 साल का निचला स्तर है।

### बाजार में गिरावट की 3 वजह

**ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ**

अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगने का एलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा।

### चीन ने 34% टैरिफ लगाया


चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का एलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। 3 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है।

### कमजोर इकोनॉमिक एक्टिविटी का संकेत

टैरिफ से सामान महंगा होने पर लोग कम खरीदारी करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो सकती है। साथ ही, मांग कम होने से कच्चे तेल की कीमतें भी गिरी हैं। यह कमजोर इकोनॉमिक एक्टिविटी का संकेत है। इससे निवेशकों का भरोसा डगमगाया है।

### भारत पर कितना भीषण रहा है ट्रंप के टैरिफ का असर

बीएसइ सेंसेक्स ने सुबह खुलने के बाद सीधा 39 सौ से ज्यादा अंकों का गोता लगाया। यह पिछले बंद से करीब 5.22 फीसदी की गिरावट थी। इस दौरान भारत के शेयर बाजार से निवेशकों का करीब 20 लाख करोड़ रुपया साफ हो गया। हालांकि दोपहर आते-आते सेंसेक्स थोड़ा संभला और यह गिरावट 3200 अंकों के करीब आती दिखी। आंकड़ों के लिहाज से बात करें, तो भारत में एक दिन में यह शेयर मार्केट की पांच सबसे बड़ी गिरावटों में से है।



### भारत के अलावा और किन देशों में बाजार का रहा बुरा हाल

बाजार विश्लेषकों ने पहले ही एलान किया था कि सोमवार का दिन ब्लैक मंडे हो सकता है, यानी इस दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। हुआ भी कुछ ऐसा ही। दुनिया में सबसे पहले खुलने वाले पूर्व में स्थित देशों (एशिया) में शेयर बाजार के खुलने के साथ ही बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। आलम यह रहा कि चीन के शंघाई से लेकर जापान के टोक्यो और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से लेकर दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार तक में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखा गया। बाजार में इस दिन को ब्लडबाथ तक कहा गया है।

### ट्रंप के टैरिफ का इतना बुरा असर क्यों

एशिया के अधिकतर देश अहम उत्पादकों में रहे हैं। चीन से लेकर वियतनाम और भारत से लेकर बांग्लादेश तक की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा देश में निर्मित उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है। एशिया के अधिकतर देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है। हालांकि ट्रंप की तरफ से आयात शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। दरअसल अमेरिका जिन देशों से आयात करता रहा है, अब वहां के उत्पाद खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी वजह है बढ़ा हुआ आयात शुल्क, जो कि इनकी मूल कीमतों के ऊपर जुड़े हैं। ऐसे में एशिया के निर्यातक देशों पर टैरिफ का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामले के पूर्व उप मंत्री रहे फ्रैंक लाविन के मुताबिक ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर एशियाई बाजारों पर ही दिखने की संभावना है, क्योंकि यहां के बाजार अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शेयर बाजारों पर पड़ने वाले इस नकारात्मक प्रभाव की खबरों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार देर रात कहा कि बाजारों को दवा लेने की जरूरत है।

### अमेरिका में मंडराया मंदी का खतरा

दुनियाभर में शेयर बाजारों के गिरने के साथ-साथ खुद अमेरिका में मंदी के आसार जताये जाने लगे हैं। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों में से एक जेपी मॉर्गन ने अनुमान लगाया है कि अब देश में मंदी की आशंका 60 फीसदी तक पहुंच चुकी है। गोल्डमैन सैक्स ने भी अनुमान लगाया है कि अमेरिका में अगले 12 महीने में मंदी की आशंका अब पहले के 35% से बढ़कर 45% पर आ गयी है।

### क्या भारत भी अमेरिका पर जवाबी आयात शुल्क लगा सकता है

भारत अपनी बातचीत के जरिये समझौते करने की नीति के लिए जाना जाता है। अगर भारत को कोई कार्रवाई करनी होती, तो वह पहले ही इस तरफ काम शुरू कर देता। लेकिन भारत के मामले में देखा गया है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत ने अपना स्टैंड निष्पक्ष रखा। भारत को पता है कि जब कभी लड़ाई होती है, तो उसे झुकना भी पड़ता है या कदम पीछे भी खींचने होते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी भारत को बाद में इसका फायदा मिला और यही कारण है कि भारत की जीडीपी दर लगातार स्थिर रही है।

भारत ने अमेरिका की तरफ से पारस्परिक टैरिफ लगाने के एलान से पहले कुछ नीतियां बदली हैं। ऐसे में भारत जवाबी कार्रवाई की जगह अमेरिका से बातचीत कर समझौते की कोशिश करेगा, ताकि उसके उद्योगों पर प्रभाव तो भले ही पड़े, लेकिन ज्यादा असर न हो।

### भारत पर छाया मंदी का खतरा

विशेषज्ञों ने साफ कह दिया है कि ट्रंप ने टैरिफ लगाकर बैकफायर कर दिया है। इसका सबसे ज्यादा और जल्दी असर तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही दिख रहा है। उनका कहना है कि भारतीय बाजारों में मंदी की आशंका 60 फीसदी को भी पार कर चुकी है। ऐसी कंपनियां, जो अमेरिका को अपने उत्पाद भेजती हैं, उनके कारोबार और बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट देखी जा रही है। इससे नौकरियों पर भी संकट आ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना जैसी महामारी से अभी दुनिया उबर कर बाहर आयी ही थी कि ट्रंप ने टैरिफ युद्ध छेड़ कर इसे फिर पीछे धकेल दिया है। अगर अमेरिकी बाजार में मंदी आती है, तो इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था भी अछूती नहीं रहेगी और वैश्विक मंदी का खतरा गहरा जायेगा। साल 2008 की मंदी की शुरूआत भी अमेरिका से ही हुई और जल्द ही इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले लिया था। खासकर छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए तो उबरना मुश्किल ही हो जायेगा। भारत उनमें से एक हो सकता है।

### भारत को कितना खामियाजा भुगतना पड़ेगा

भारत का शेयर बाजार सीधे तौर पर अमेरिका से जुड़ा है। वहां की गिरावट यहां के सबसे बड़े सेक्टर यानी आइटी सेक्टर को धराशायी कर देता है। इसका असर पिछले कुछ दिनों में साफ तौर पर देखने को मिला है। गोल्डमैन सॉक्स का कहना है कि टैरिफ की वजह से भारत की विकास दर 0.40 फीसदी गिरकर 6.3 फीसदी के आसपास रह सकती है। देसी रेटिंग एजेंसी क्वांटइको रिसर्च ने भी विकास दर में 30 आधार अंक की गिरावट की आशंका जतायी है। इससे महंगाई की आशंका भी बढ़ेगी, जो फिलहाल रिजर्व बैंक के दायरे में चल रही है। पिछले दिनों ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने अनुमान लगाया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था को टैरिफ से करीब 2.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

### लोन होंगे सस्ते

नये वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग आज यानी, सोमवार 7 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस मीटिंग में रेपो रेट में 0.25% की कटौती का अनुमान लगाया गया है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोंस पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और इएमआइ भी घटेगी। ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे।

# हजारीबाग का पदमा ओपी बनेगा थाना देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा ओपी

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। वहीं एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी।



गौरतलब है कि पदमा में पुलिस आउट पोस्ट काफी अर्से से कार्यरत है। बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका सृजन बरही थाना से दूर स्थित एनएच 30 के इलाके में विधि व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए किया गया था। लेकिन, अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं। साथ ही सड़क हादसे में वृद्धि, बढ़ते उद्योग और उग्रवादियों की सक्रियता और सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिशों के मद्देनजर पदमा ओपी को पूर्ण थाना में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

दूसरी ओर देवघर जिला के कुंडा थानांतर्गत देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय लिया गया। इसके प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा बताया गया कि कुंडा थाना से देवघर हवाई अड्डा की दूरी सात किमी. एवं मुख्यालय से 12 किमी. होने के कारण थाना का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है। हवाई अड्डा का इलाका दुर्गम होने के कारण कुंडा थाना से विधि व्यवस्था के संधारण में कठिनाई होती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसके मद्देनजर आम लोगों की सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी। इस ओपी के सृजन में लगभग चार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, राजस्व सचिव चंद्रशेखर और आइजी हेडक्वार्टर मनोज कौशिक मौजूद थे।

# गिरिडीह में रामनवमी के दौरान लाठीबाजी के बाद शख्स को आया हार्ट अटैक, मौत

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह में रामनवमी के मौके पर हार्ट अटैक आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वो लाठीबाजी के बाद खड़े हुए थे इसी बीच उनको दिल का दौरा पड़ा और वह जमीन पर गिर गये। आस-पास के लोगों ने उनको अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना बेंगाबाद प्रखंड के मधवाडीह गांव की है। मृतक की पहचान सुखदेव प्रसाद यादव (53) के रूप में हुई है। वह काफी स्वस्थ थे और काफी जोश से लाठी भांज रहे थे। इसी बीच जैसे ही वे लाठी भांजने के बाद मंदिर के किनारे खड़े हुए कि अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ गया और वह वहीं गिर गये। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले उनकी मौत हो चुकी थी।**

# बिहार के मजदूर की पदमा में गोली मारकर हत्या, पत्नी ने ठेकेदार पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**पदमा।** हजारीबाग जिले के पदमा थाना क्षेत्र में रामनवमी की रात एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान 31 वर्षीय प्रवीण कुमार कशेरा के रूप में हुई है। प्रवीण बिहार के लखीसराय का रहने वाला था और पिछले सात साल से रोमी में किराये के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता था।

मृतक की पत्नी ने स्थानीय ठेकेदार रवि मेहता पर हत्या का आरोप लगाया है। उसने कहा कि उसके पति मेला देखने के लिए घर से निकले थे, और इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गयी। मृतक की पत्नी का आरोप है कि प्रवीण कुमार कशेरा और ठेकेदार रवि मेहता के बीच पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। जब प्रवीण पैसे मांगने जाता, तो ठेकेदार उसे गाली-गलौज कर भगा देते थे और घर पर भी धमकी देते थे। पत्नी को पूरा शक है कि ठेकेदार ने ही उसकी हत्या करवाई है। प्रवीण कुमार का शव चंपाडीह बगीचा नहर के पास मिला था और अपराधियों ने उसे पीठ में गोली मारी थी।



### एसआइटी का गठन, जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन

हत्याकांड की जानकारी मिलते ही पदमा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि यह हत्या गोली मारकर की गयी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए एसआइटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) का गठन कर दिया गया है और जल्द ही इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और घटनास्थल से जरूरी सबूत जुटाये जा रहे हैं। मृतक के परिवार और पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.5 °C | 20.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.35 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# सीएम से मिले रक्षा राज्यमंत्री, एयर शो में शामिल होने का दिया न्योता

## एयर शो 19 को, फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन 17 अप्रैल को किया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को कांके स्थिति मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रांची के नामकुम में 19 और 20 अप्रैल को होने वाले एयर शो के लिए निमंत्रण दिया। बताते चलें कि राजधानी रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का भव्य एयर शो आयोजित किया जा रहा है, जो न केवल रोमांच और कौशल का प्रतीक होगा, बल्कि राज्य के नागरिकों के लिए एक अद्भुत गौरव का अवसर भी बनेगा। इस एयर शो का उद्देश्य न केवल देश की सैन्य ताकत का प्रदर्शन करना है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी जागृत करना है।

मुख्य कार्यक्रम से पहले 17 अप्रैल को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जायेगा, जिसमें एयर शो की सभी गतिविधियों का अंतिम पूर्वावलोकन प्रस्तुत किया जायेगा।

# जयराम महतो के सिर में लगी चोट, रामनवमी जुलूस के दौरान फरसे की नोक घुसी



डुमरी (आजाद सिपाही)। रामनवमी जुलूस के दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो के सिर में चोट लग गयी। जयराम महतो रविवार की शाम डुमरी चौक में लाठी प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक से फरसे की नोक जयराम के माथे में घुस गयी। उस वक्त जयराम महतो किसी समर्थक के कंधे पर चढ़कर झूम रहे थे। इसी दौरान पीछे से उनको चोट लगी। उन्हें एहसास हो गया था कि उनके सिर में चोट लगी है। इसके बाद वह कंधे से उतर गये। समर्थकों ने उनको तुरंत क्लीनिक में पहुंचाया। जहां उनके सिर पर दवाई लगा कर ड्रेसिंग की गयी। बता दें कि रविवार को पूरे देश में रामनवमी का त्योहार मनाया गया। इसी बीच डुमरी में भी शोभायात्रा निकाली गयी थी। जहां डुमरी विधायक जयराम महतो भी शामिल होने पहुंचे थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा। जॉब में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** — नया परिचय क्षेत्र मिलेगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।
- **मिथुन** — स्वजन-कुटुम्बीजन से मनमाफिक व्यवहार मिल सकता है, सुख-सौहार्द की वृद्धि।
- **कर्क** — अज्ञात भय का निवारण,आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ।
- **सिंह** — सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।
- **कन्या** — पारिवारिक उत्तर दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा।
- **वृश्चिक** — आपके धैर्य,गम्भीरता एवं सहनशीलता की परीक्षा कदम-कदम पर होगी।
- **धनु** — सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** — नौकरी व व्यापार में परिश्रम से ही सफलता मिलेगी।छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।
- **कुंभ** — रोजी-रोजगार की स्थितियों में सुधार दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **मीन** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे।व्यापार में लाभ।

## कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# 2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनेगा : चमरा लिंडा

- आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली झारखंड की भूमि की धरोहर
- नीतिगत निर्णय लेने के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों से कहा कि बिना किसी शिकायत एवं बाधा के एकलव्य सहित अन्य सभी कल्याण आवासीय विद्यालयों के नामांकन परीक्षा का निर्धारित समय पर आयोजन करा लेने के लिए आपसभी का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य के एसटी/एससी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष होगा, इसके लिए समर्पित प्रयास किए जायें। उन्होंने कहा कि झारखंड की विशिष्ट पहचान का पर्याय है यहां का आदिवासी समाज। झारखंड की 32 आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपराएं और जीवनशैली इस भूमि की धरोहर हैं। सदियों से इन समुदायों ने अपने श्रम, संघर्ष और साहस से समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाये रखा है। आज यह प्रासंगिक है कि हम उनके गौरवशाली अतीत को न केवल संरक्षित करें, बल्कि उनके आत्मसम्मान और अधिकारों को और अधिक सशक्त करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परंपरागत आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देकर हम उनके स्वाभिमान को मजबूत कर सकते हैं।

बैठक में प्रबंध निदेशक टीसीडीसी नीलसोम बागे, उप निदेशक धीरेंद्र सिंह, अप निदेशक मोनिका टूटी, राकेश उरांव, अमृता कुजूर आदि उपस्थित थे।

### हेमंत सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए है

मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए ऐसे नीतिगत निर्णय लेने हेतु प्रतिबद्ध है, जो उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को गति दे। उनका सम्मान, स्वाभिमान, कल्याण और विकास केवल संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों का भी प्रतिबिंब होना चाहिए। कल्याण मंत्री ने कहा कि हमारा विभाग अपने प्रयासों से एक ऐसे झारखंड की कल्पना को साकार करे, जहां आदिवासी समाज अपने अधिकारों के साथ स्वाभिमानपूर्वक जीवन जी सके और अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक संजो सके।

# एसटी और एससी के उत्थान के लिए कानून बनाये केंद्र : कांग्रेस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि यदि केंद्र सरकार देश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों का उत्थान करना चाहती है तो केंद्र सरकार को इसे लेकर कानून बनाना चाहिए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्र को अनुसूचित जनजाति उप योजना और अनुसूचित जाति उप योजना की मजबूती पर काम करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एसटीपी और एससीएसपी का मूल उद्देश्य अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास में तेजी लाना है। ताकि, समाज के अन्य हिस्सों की तुलना में विभिन्न विकास के मापदंडों के अंतर को पाटा जा सके। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 1975-76 और 1979-80 में उप योजना शुरू कर इसके माध्यम से इन समुदायों के लिए आय का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एससी-एसटी के अधिकारों को वृहद स्वरूप देने के बजाय उनके बजट में कमी कर रही है। वर्तमान बजट में केंद्र सरकार ने एससी एसटी के बजट में क्रमशः 3.4 और 2.6 प्रतिशत का आवंटन किया है। इससे अनुसूचित जाति को 11.70 लाख करोड़ और अनुसूचित जनजातियों को 5.57 लाख करोड़ के बजट का नुकसान हुआ है। वहीं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि एससी एसटी की उप योजना को प्रभावी बनाने के लिए कानून बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूपीए के शासन में दोनों योजनाओं पर कानून बनाने की शुरूआत हो चुकी थी, लेकिन 2014 के चुनाव के कारण यह संभव नहीं हो पाया। अनुसूचित जाति जनजाति उप योजना के लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों को जवाबदेह बना सकती है। वित्तीय वर्ष 2021 से 2024 के तीन वित्तीय वर्षों में केंद्र ने झारखंड को अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत 3515.11 करोड़ और अनुसूचित जाति उप योजना में 2475.49 करोड़ रुपये दिये थे, जबकि यह राशि कम से कम 10 हजार करोड़ रुपये होनी चाहिए। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि टीएसपी एससीएसपी के पैसे से पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने ग्लोबल सम्मिट कराया और एयरपोर्ट का ग्रीन कॉरिडोर बनाया। यह आदिवासी समुदाय के अधिकारों का हनन है। मौके पर पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होगी। मंत्रिमंडल की बैठक दोपहर एक बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगायी जायेगी।

## जेपीएससी नियुक्ति घोटाला: 18 अभियुक्तों को हाइकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में 18 अभियुक्तों को अग्रिम जमानत दे दी है। इसमें राजेश्वर नाथ आलोक, अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुशमा नीलम सोरेंग, ज्योति झा, कामेश्वर राम, लकखी राम बासकी, हरिवंश पंडित, सुदर्शन मुर्मू, अनंत कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण सहित अन्य लोगों के नाम हैं। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले में हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गयी थी। जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले में दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में हुई। अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया। हालांकि कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए अभियुक्तों की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार की। सीबीआइ ने जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद कुल 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। सीबीआइ ने जेपीएससी के पांच अधिकारी और 12 परीक्षकों के अलावा 20 तत्कालीन परीक्षार्थियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। हालांकि सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने वैसे परीक्षार्थियों के खिलाफ भी संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की सूची में शामिल कर दिया।

# सौहार्द्र बिगाड़नेवालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो : बंधु तिर्की

- झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कांके के हेठबालू गांव का दौरा कर पीड़ितों से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि कांके प्रखंड के अंतर्गत पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेठबालू गांव में सरहुल जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर अशांति फैलाने और सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और वैसे दोषी तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में आपसी सौहार्द्र और एकता-एकजुटता की भावना को नुकसान पहुंचाने की अनुमति किसी को भी नहीं है।

श्री तिर्की ने कांके के पिठोरिया थाना अंतर्गत हेठबालू गांव का दौरा कर सरहुल के दिन हुई मारपीट की घटना में पीड़ित पक्षों एवं घायलों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड, सभी जाति, धर्म और समुदाय का वैसा प्रदेश है जहां की मूलभूत पहचान आपसी एकजुटता और सद्भावना में ही है। उन्होंने कहा कि दोषी तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही सभी लोग आपसी सौहार्द्र को बनाते हुए एक-दूसरे के प्रति सद्भावना कायम रखें। क्योंकि इसी में हमारी खुशी और तरक्की छिपी है। प्रभावित गांव का भ्रमण करने के दौरान श्री तिर्की के साथ अपर ऊपर कोनकी पंचायत के मुखिया लाला महली, आकाश उरांव, समलाल मुंडा, अलीशा देवी, अनीता देवी, सुमन देवी, मालती देवी, रेशमी देवी, सुधीर उरांव सहित अनेक ग्रामीण और पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरहुल के दौरान पिठोरिया में हुए विवाद को लेकर बाबूलाल मरांडी पहुंचे हेठबालू गांव, कहा-

# आदिवासी समाज की आवाज को दबाया नहीं जा सकता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के पिठोरिया में सरहुल जुलूस के दौरान दो समुदायों में हुए विवाद को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को हेठबालू गांव पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से घटना की विस्तृत जानकारी ली है। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि कांके, पिठौरिया के हेठबालू गांव पहुंचकर सरहुल जुलूस के दौरान हुई हिंसक घटना को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी ली। यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन मामले की लीपापोती कर सच्चाई को दबाने का प्रयास कर रही है।

आगे उन्होंने लिखा कि हेमंत सोरेन जी सुन लें कि तुष्टिकरण की आड़ में आदिवासी समाज की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। प्रशासन तत्काल आरोपियों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में इस तरह का दुस्साहस करने की कोई हिम्मत न कर सके। बता दें कि रांची के पिठोरिया में हेठबालू गांव में सरहुल जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच संघर्ष हो गया था, जिसमें पाहन सहित कई लोग घायल हो गये थे। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय लोगों ने रांची पतरातू रोड भी जाम कर दिया था। यह विवाद एक झालर के टूटने के बाद शुरू हुआ था।

### रिम्स में जानबूझकर की जा रही दवाओं की कमी: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रिम्स में आवश्यक दवाएं लंबे समय से उपलब्ध नहीं हैं। मजबूरी में गरीब मरीजों को बाहर की निजी दुकानों से महंगे दामों पर दवा खरीदनी पड़ रही हैं। ये वही दुकानें हैं, जो रिम्स के ठीक पास स्थित हैं और कुछ साल पहले ही खुले हैं। ऐसा लगता है कि रिम्स में जानबूझकर दवाओं की कमी की जा रही है ताकि मरीज इन निजी दुकानों की ओर रुख करें। रिम्स प्रबंधन और निजी दवा दुकानदारों के संगठित मेडिकल माफिया तंत्र को सरकार का भी संरक्षण प्राप्त है। जब सरकारी अस्पतालों में दवा ही नहीं होगी, तो आम आदमी कहां जायेगा। सरकार को मेडिकल माफियाओं पर लगाम कसनी होगी ताकि रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की साख बची रहे। सरहुल जुलूस के दौरान हुई घटना की ग्रामीणों से जानकारी ली।

# झामुमो की संविधान संशोधन समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के हरमू स्थित झामुमो पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को संविधान संशोधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में पेश होने वाले पार्टी के संविधान संशोधन के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस बैठक में संविधान संशोधन समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय कुमार हांसदा मौजूद थे। इसमें संविधान में संशोधन के प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में पेश किये जाने वाले प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। इन सदस्यों ने संविधान संशोधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और महाधिवेशन में पेश किये जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की। बैठक में लिये गये निर्णय को 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में पेश किये जायेंगे। इसके बाद संगठन के भविष्य और उसकी कार्यप्रणाली को आकार दिया जायेगा।

# अडाणी पावर के विरोध में उतरे विधायक प्रदीप यादव

- सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अडानी पावर एक बार फिर सुर्खियों में है। बजट सत्र के दौरान सदन में किसानों की मांग उठने के बाद 7 अप्रैल को कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की मांग पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। मुलाकात के बाद कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि अडानी पावर प्लांट झारखंड के लोगों के साथ भेदभाव कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां काम करने वाले बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के लोगों को लाखों रुपये मिलते हैं। लेकिन झारखंड के लोगों को आउटसोर्सिंग पर रखा जाता है और उन्हें सिर्फ 15 हजार रुपये दिये जाते हैं।

### किसी भी हाल में भेदभाव नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : प्रदीप यादव



प्रदीप यादव ने कहा कि किसी भी हाल में यह भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखी, उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका समाधान निकाला जायेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सीएम आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि अडानी पावर की ओर से कई आश्वासन दिये गये थे। लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। न तो अस्पताल बना, न ही स्कूल खुला और न ही विस्थापितों को नौकरी दी गयी।

### समाधान नहीं हुआ तो 14 तारीख से करेंगे आंदोलन

उन्होंने कहा कि अगर हमारी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो 14 तारीख से आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कैसा न्याय है कि एक ही काम के लिए बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और अन्य राज्यों के लोगों को एक लाख रुपये से अधिक वेतन मिल रहा है। वहीं, यहां के स्थानीय लोगों को उसी काम के लिए मामूली रकम दी जा रही है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुबे जी कंपनी की बात करते हैं जो ठीक नहीं है। किसानों की समस्याओं को समझना होगा और उसका समाधान निकालना होगा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
04

# हजारीबाग की सड़कों पर उतरा रामभक्तों का सैलाब

## झांकियों के कतारबद्ध कारवां से शहर हुआ गुलजार, जय श्रीराम के नारों की गूंज





दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर मनाया जाने वाला पर्व रामनवमी वैसे तो पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, लेकिन हजारीबाग की पावन धरती पर रामनवमी की बात ही कुछ और होती है। दशमी की रात लगभग सौ से अधिक झांकियां हजारीबाग शहर के सड़कों पर उतर पड़ी। जिनके साथ विशाल जन सैलाब था। झांकी में शामिल राम भक्त हाथों में तलवार, भाला, लाठी समेत अन्य पारंपरिक हथियार और गले में भगवा गमछा लिए जय श्री के नारे लगा रहे थे। उत्साह और भगवान राम के प्रति आस्था व श्रद्धा देखने लायक था। हजारीबाग जिले का इतिहास, संस्कृति, सामाजिक विरासत और धरोहर के साथ जुड़ा है रामनवमी महापर्व का इतिहास। हजारीबाग जिले में रामनवमी का खुमार दो-तीन महीने पहले से ही सर चढ़कर बोलने लगता है। जुलूस के इस अनोखे अंदाज के कारण ही हजारीबाग की रामनवमी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेमिसाल ख्याति पायी है। यहां की रामनवमी जुलूस देखने सोमवार रात्रि सड़कों पर विशाल जनसैलाब उतर पड़ा। हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी जुलूस का वास्तविक स्वरूप दशमी की रात से शुरू होता है जो अनवरत करीब 36 घंटे तक पूरा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के चारों दिशाओं में राम नाम वह बजरंगबली के नारे से गुंजित होता है। हजारीबाग के रामनवमी जुलूस में भक्ति, आस्था वह प्रेम का समागम होता है। रात्रि 12 बजे के आसपास एक दर्जन से अधिक झांकी झंडा चौक के निकट पहुंचने लगे थे। इस दौरान कई जीवंत तो कई झांकियों में प्रतिमा स्थापित किया गया था। सभी झांकियों में शामिल रामभक्त तासे की ताल पर झूम रहे थे। पूरा शहर भक्ति के सागर में गोता लगाते दिखा। जामा मस्जिद के सामने लगे प्रशासन के स्टेज पर जिले के पदाधिकारी जुलूस को मॉनिटरिंग कर रहे थे और सीसीटीवी और ड्रोन से पूरे जुलूस पर नजर गड़ाए थे। वहीं झंडा चौक पर पत्रकार के लिए बने मीडिया गैलरी से पत्रकार न्यूज कवर कर रहे थे।

## रामनवमी की झांकियों में ग्रंथों का दिखा जीवंत दृश्य





**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** छोटा डहरभंगा अखाड़े में टाटीझरिया, बड़ा डहरभंगा, केसड़ा, बौधा और घुघलिया गांव के अखाड़े की झांकियों की प्रदर्शनी होती है। रात भर युवकों की टोली झांकियों के साथ अपनी कमर हिलाते रहे। रुक -रुक कर लोग जय श्री राम, जय हनुमान, गली-गली बजरंगबली, एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम - जय श्रीराम के नारे लगाते रहे और कलाकारों के हौसला को बढ़ाते रहे। वहीं झरपो बुध बाजार देवी मंदिर परिसर में अगल-बगल गावों की झांकियां पहुंचीं। जिसमें काली झरना चट्टान धाम झरपो, नारायणपुर, टटगावां, अमनारी, भराजो, उचका पत्थर और गोधिया गांव की झांकियां पहुंचीं। झांकियों को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे थे। झांकियों में महाभारत, शिवपुराण और रामायण के जीवंत दर्शन कराने का प्रयास किया गया था। प्रदर्शनी के बाद व्यवस्थापक और निर्णायक मंडली द्वारा बेहतर दृश्यांकन के आधार पर क्लबों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

## जुलूस-झांकी प्रतियोगिता में शिवाडीह को प्रथम और द्वितीय स्थान बिश्रामपुर को मिला

**बड़कागांव।** हरली रामनवमी मेलाटांड में कई गांव से अखाड़ों के द्वारा जुलूस और झांकी का प्रदर्शन किया गया। बीती रात रविवार को जुलूस और झांकी का मूल्यांकनकर्ता के द्वारा मूल्यांकन के पश्चात परिणाम घोषित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान डायरेक्टर विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार और चक्रधर प्रसाद के निर्देशन में निकाली गयी शिवाडीह की झांकी माता शबरी का प्रेम और राम दर्शन, शूद्रों पर हुई अत्याचार एवं उदय को विजेता घोषित किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर विश्रामपुर, तीसरे स्थान पर गंगादोहर तथा सांढ़ गांव की झांकी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। तलसवार, अमर ज्योति क्लब चोपदार बलिया पासी टोला, पिपराडीह, महूगाई कला, गोसाई बलिया, महूगाई खुर्द, नापोकला, बेला, मधुइया ढाब और बादम गांव जुलूस और झांकी में भाग लिया था, जिन्हें हरली पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र महतो के नेतृत्व में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेहतर करने वाले एकल कलाकारों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष केशवनाथ महतो, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया बीगेश्वर महतो, भीखन महतो, उपेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, सबुर महतो, बासमती देवी,पूर्व मुखिया भीखन महतो, पूर्व पूजा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, अनिल कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन का आवेदन 12 तक

**कोडरमा।** कोडरमा जिला अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1) सी के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर बच्चों के नामांकन लिया जाना है। इस हेतु ऑनलाईन के माध्यम से जिला के पोर्टल आरटीईकोडरमा डॉट कॉम पर जिले के बच्चों के माता, पिता, अभिभावकों द्वारा नामांकन हेतु छात्र-छात्राओं से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ उक्त पोर्टल पर अन्तिम रूप से 12 अप्रैल तक अप्लाई किया जा सकता है। जिला स्तर से अंतिम रूप से चयनित एवं अनुमोदित सूची के आधार पर ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)सी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बच्चों का नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर लिया जा सकेगा।

## बेलाटांड़ में हाथियों ने तीन घर को किया ध्वस्त



**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाटांड़ मे रविवार देर रात को हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया है। जिसमे एक झोपड़ी सहित दो घर को ध्वस्त कर दिया है। घर मे रखे चावल को भी खा गया और खेत मे लगी फसल को भी नष्ट कर दिया है। जानकारी के अनुसार विकास मेहता पिता स्व. लालजीत मेहता, मनोज कुमार मेहता पिता लोकन मेहता, सुरेश कुमार मेहता सभी ग्राम बेलाटांड के मकानों को ध्वस्त किया है। हाथियों के झुंड से ग्रामीण डरे - सहमे हैं। इस दौरान लाखों का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने की मांग की है। बता दें की बेलाटांड़ डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत आता है। बेलाटांड़ गांव जंगल मे पड़ता है जिस कारण आये दिन जानवर आते रहते हैं। यहां के लोग नगर पंचायत से अलग कर ग्रामीण इलाके मे जोड़ने की मांग कर रहे हैं।

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा विष्णुगढ़



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** नवमी की रात सात अखाड़ों द्वारा झांकी निकाली गयी। झांकी में युवाओं का जोश देखते बन रहा था, जय श्रीराम जय हनुमान के नारों से रात भर विष्णुगढ़ गूंजता रहा। बासंती रामनवमी बजरंग दल, शिवशक्ति अखाड़ा तेली मुहल्ला, करंज मोड़, पवन पुत्र दल अम्बेडकर चौक, अखाड़ा चौक बजरंग दल, संकट मोचन मंदिर अस्पताल चौक और रमुवा बजरंग दल की ओर से झांकी निकाली गयी। नवमी के रात निकाली गयी झांकी दशमी के दिन विष्णुगढ़ के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देर रात चैती दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। झांकी में पारंपरिक हथियार से झूमते गाते नाचते युवा थिरकते रहे। विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। जगह जगह झांकी में चल रहे युवाओं के लिए शरबत, पानी भोजन, खिचड़ी का प्रबंध किया गया। झांकी समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गयी झांकी निकालने के पूर्व लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कहि जीवंत झांकी, तो कहीं हनुमान जी की प्रतिमा कई जगह राम सीता लक्षमन हनुमान जी की आकर्षक प्रतिमा बनायी गयी थी।

## कोडरमा में धूमधाम से मना रामनवमी का त्योहार

### देर रात से सुबह तक गूंजते रहे जय श्रीराम के नारे



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के मौके पर रविवार को कोडरमा रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। रामनवमी के मौके पर आयोजित स्वागत अभिनंदन समारोह में 18 अखाड़ों के प्रतिभागी शामिल हुए। उद्घाटन कर्ता महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज और बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि के रुप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव शामिल हुई। इधर झुमरीतिलैया में झांसी की रानी अखाड़ा समिति ने झंडा चौक पर अपनी शौर्य वीर का प्रदर्शन किया। वहीं कोडरमा में झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान लोचनपुर अखाड़ा कमेटी, द्वितीय फरेंदा और तृतीय पुरस्कार गिरिडीह रोड कोडरमा को मिला। जबकि लाठी में प्रथम बदडीहा, द्वितीय लोचनपुर एवं तृतीय स्थान गिरिडीह रोड ने प्राप्त किया। वहीं तलवार में प्रथम गिरिडीह रोड, द्वितीय पांडेयडीह एवं तृतीय स्थान गिरिडीह रोड ने प्राप्त किया। वहीं बाना में प्रथम प्रेम कुमार, द्वितीय अंकित सिंह एवं तृतीय स्थान डेविड आर्यन ने प्राप्त किया। अनुशासन को लेकर विभिन्न प्रतिभागियो को शील्ड और मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## दारु और झुमरा में राम धुन पर रातभर झूमते रहे भक्त, निकली भव्य झांकी



**दारु ( हजारीबाग )।** दारु, झुमरा और कबलासी के गाडीसाडम में राम धुन और तासा पार्टी की धुन मे रातभर झूमते नजर आये। इस दौरान जय श्रीराम, जय बजरंग बली के नारे जमकर लगे। रविवार की रात 9 बजे निकला जुलूस लगातार 18 घंटे तक चला और सोमवार की दोपहर में जाकर समाप्त हुआ। दारु में एकता क्लब दारु खरिका, रामनवमी पूजा समिति बासोबार, नटराज क्लब पेटो, रामनवमी पूजा समिति छोटका इरगा, बड़का इरगा और चिरवां से भव्य जुलूस निकाला गया।

## एंबुलेंस कर्मियों ने मांगों को लेकर डीसी और सीएस को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** सदर अस्पताल कोडरमा में 108 एंबुलेंस में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा उपायुक्त कोडरमा और सिविल सर्जन को एक मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें एजेंसी की लापरवाही से हो रही समस्याओं का जिक्र करते हुए पदाधिकारीयों से समाधान की मांग की गयी है। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने बताया कि विभाग के द्वारा जिस भी एजेंसी को काम दिया जाता है। वह एजेंसी कर्मियों के एक-दो महीने की सैलरी, प्रोत्साहन राशि, ग्रेच्युटी, पीएफ लेकर चली जाती है। इसके बाद जो नयी एजेंसी काम लेती है वह भी 1 से 2 महीने विलंब से वेतन का भुगतान करती है। जिसके कारण परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया। कर्मियों ने बताया कि कई गाड़ियां खराब स्थिति में है ऐसे में भी एजेंसी के द्वारा प्रतिदिन चार केस करने का दबाव दिया जाता है। गाड़ियों की स्थिति ऐसी है कि चलते-चलते कहीं भी टायर ब्लास्ट हो जाती है। गाड़ी ब्रेकडाउन हो जाती है और 20 से 30 किलोमीटर चलने के बाद गाड़ी हिट होकर बंद हो जाती है। कर्मियों ने 2017 में जेडएचएल कंपनी के द्वारा कोरोना का प्रोत्साहन राशि और ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान नहीं किया गया है इसकी भुगतान कराने की मांग की। इसके अलावा अगस्त 2023 में जीवीके कंपनी के द्वारा पीएफ और 70 दिनों की सैलरी का भुगतान कराने, फरवरी 2025 में सम्मान फाउंडेशन के द्वारा फरवरी और मार्च की सैलरी का भुगतान कराने, पुराने कर्मचारी का जॉइनिंग लेटर देने और गाड़ियों की मरमत्ती करने की मांग की है। पदाधिकारियों को सौंपे गये मांग पत्र में कर्मियों ने कहा है कि उनकी उपरोक्त समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं होता है तो 11 अप्रैल से सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। मौके पर सुभाष कुमार यादव, विकास कुमार, विकास राजवंशी, लवकुश कुमार, मोहन वर्मा, संतोष कुमार, सिकंदर पासवान, रंजीत महतो, राहुल सिंह, सुमंत कुमार, पवन कुमार, निशु पटेल, प्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ जीवन ही सुखी जीवन की असली पूंजी है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा झुमरी तिलैया के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नंदिनी अपार्टमेंट में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, शुगर की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी एवं डी क्लब का भी आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 30 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ प्राप्त किया तथा विशेषज्ञों से स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह ली।कार्यक्रम की सफलता में प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, सचिव आकृति चौधरी, सहसचिव प्रिया अग्रवाल, परियोजना निर्देशक नेहा हिसारिया और नीतू अग्रवाल की अहम भूमिका रही।

## बाहा पर्व आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहार का एक प्रतीक : फागु

आजाद सिपाही संवाददाता





**चरही।** चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत के बागजोबरा में दिशोम बाहा महोत्सव का आयोजन जाहेर संस्था, झरना झारखंड ट्रस्ट व बागजोबरा सरहुल पर्व तैयारी समिति के द्वारा किया गया। मौके पर पाहन लालजी मांझी के द्वारा सरना स्थल में सखुआ फूल व पेड को पूजा-अर्चना की गयी। वहीं पाहन व अन्य कमेटी के सदस्यों के द्वारा अतिथियों को सखुआ का फूल और आदिवासी गमछा, बैज व बुके देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर कई गांव से आए छः टीमों के टीमों द्वारा सरहुल सामूहिक नृत्य, डांस व गीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रथम सेनेगड़ा, द्वितीय सेहदा व तृतीय बेलगड़ा टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम अनिल हेंब्रोम, द्वितीय सहदेव किस्कू और तृतीय प्रकाश टुडु को तीर व धनुष देकर सम्मानित किया गया। सरहुल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य सह संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के मांझी हाड़ाम फागु बेसरा, संथाल समाज दिशोम मांझी परगना सह केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया साड़ी पूर्ति, चुरचू पंचायत मुखिया पूनम बेसरा, दिगवार पंचायत मुखिया महेंद्र मुर्मू, चरही पंचायत मुखिया संझली मुर्मू, आंगो पंचायत मुखिया सीतामुनी देवी, पूजा समिति के अध्यक्ष गुरुदयाल हंसदा, सचिव सहदेव किस्कू, कोषाध्यक्ष आनंद सोरेन के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने कहा कि सरहुल प्राकृतिक का पर्व है सरहुल पर्व आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहार का एक प्रतीक है। हम आदिवासी प्रकृति प्रेमी, जंगलों पहाड़ों नदी नाला को ईश्वरीय देन मानकर पूरे प्रकृति को सम्मान देते है। रात्रि को बंगाल के संताली कलाकारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मरकच्चो दुर्गा मंदिर पहुंच मंत्री ने किया दर्शन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को मध्य पंचायत मरकच्चो स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पहुंच कर मां दुर्गा के दर्शन की व माथा टेका। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। मौके पर सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार यादव, रणजीत कुमार सिंह, संजू यादव, चिंता देवी, रवींद्र कुमार पांडे, प्रदीप सिन्हा, शम्भु सिंह, सतीश सिंह, मुकेश सिंह, विकास यादव, श्रीकांत यादव, भीम राणा, दामोदर विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में चोरी, प्रधानाध्यापक ने लिखित शिकायत दी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** राजकीय पल्स टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में चोरों के द्वारा ताला तोड़कर हजारों रुपये संपत्ति की चोरी का मामला सामने आया है। इस बाबत प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार पांडेय ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दिया है। जिसमें लिखा है कि शनिवार 5 अप्रैल की दोपहर एक बजे के करीब स्कूल बंद कर सभी शिक्षक अपने घर चले गये थे। रविवार 6 अप्रैल की दोपहर को उन्हें फोन पर जानकारी मिली की विद्यालय के मुख्य द्वार समेत अंदर कई कमरों का ताला टूटा हुआ है। जिसके पश्चात स्कूल पहुंच कर देखा की चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। स्कूल के कमरे में रखें एलईडी स्क्रीन पैनल टीवी की तीन बैटरी, पांच वॉटर फिल्टर, पल्स टू कार्यालय से दो बैंक पासबुक चोरी कर ली गयी है। साथ ही प्रधानाध्यापक कक्ष का एलईडी स्क्रीन क्षतिग्रस्त कर कॉमन रूम में फेंक दिया गया है। प्रधानाध्यक कक्ष पल्स टू और माध्यमिक कार्यालय के गोदरेज अलमीरा को तोड़कर कई जरूरी कागजातों की चोरी और अनेक कागजातों को क्षतिग्रस्त कर इधर-उधर बिखेर दिया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोकता ने स्कूल पहुंचकर जानकारी ली।

## दुबई में प्रवासी श्रमिक की मौत, शव मंगवाने की मांग

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सारुकुंदर पंचायत के झपाटांड निवासी महावीर महतो की दुबई में रविवार को मौत हो गयी। रविवार को उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। झपाटांड निवासी घुजा महतो के 42 वर्षीय पुत्र महावीर महतो की दुबई में मौत हो गयी। महावीर महतो दुबई में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड कंपनी में काम करता था। उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है। मृतक परिवार का एक मात्र कमाने वाला सदस्य था। महावीर महतो अपने पीछे पत्नी सुमित्रा देवी सहित पुत्री पिंकी कुमारी(20) और पुत्र फलजीत कुमार(15) को छोड़ गया है। वहीं दो वर्ष पूर्व 14 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार की मौत कैंसर के इलाज के दौरान बैंगलोर के सीएमसी हॉस्पिटल में हो गयी थी। पैसे के अभाव के कारण जिसका अंतिम संस्कार वहीं पर बैंगलोर में ही कर दी गयी थी। घटना की खबर के बाद प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करनेवाले समाजसेवी सिकंदर अली ने मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से मृतक का शव जल्द से जल्द दुबई से लाये जाने की मांग की है। कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी झारखंड के कई प्रवासी मजदूरों ने विदेशों में अपनी जान गंवायी है।

## चंपाडीह : खेत में मिला युवक का शव

**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा थाना क्षेत्र के चंपाडीह गांव के समीप खेत में सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिला। उसके शव में गोली के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान प्रवीण कसेरा, पिता अर्जुन कसेरा के रूप में हुई है। जो मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले का रहने वाला था और पिछले 20 वर्षों से रोमी पंचायत क्षेत्र में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार प्रवीण कसेरा चंपाडीह गांव में मुंशी महतो के घर पर किरायेदार के रूप में रह रहा था। हाल ही में उसने बरही-गया रोड में जमीन लेकर स्थायी मकान भी बनवाया था। मृतक के छोटे भाई अरविंद कसेरा ने बताया कि उनका बड़ा भाई बाहर किसी ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। रविवार को वह ठेकेदार से बकाया पैसे की मांग करने गया था, उसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद सोमवार को उसका शव खेत में मिला। परिजनों का आरोप है कि पैसे के लेनदेन को लेकर ही प्रवीण की हत्या की गयी है। सूचना मिलते ही पदमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## श्रीश्री 108 श्री शतचंडी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झुरझुरी में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य निकाली गयी। कलशयात्रा में 1001 महिला और कन्याओं ने सिर पर पवित्र कलश उठाया। कलशयात्रा यज्ञ मंडप से निकल कर यादव टोला होते हुए बरसोती नदी के उत्तरवाहिनी पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलश में श्रद्धालुओं ने जल भरा। नदी से वापस आकर कलशधारियों ने यज्ञशाला में कलश स्थापित किया। यज्ञ समिति अध्यक्ष सह मुखिया सुमन कुमार ने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ में कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी जी प्रयागराज और यज्ञाचार्य पंडित गौतम शास्त्री जी वाराणसी के द्वारा यज्ञ का समापन कराया जा रहा है। कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया सुमन कुमार, पूर्व मुखिया सावित्री देवी, पंसस मंजू देवी, उपमुखिया प्रियंका कुमारी, भीम प्रसाद, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, सचिव परमेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, समाजसेवी विनोद कुमार, विनोद प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, शिक्षक तेज नारायण समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## 13 माइल के पास अनियंत्रित ट्रक ने हाइवा को टक्कर मारी, बाल-बाल बचा चालक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव से हजारीबाग जाने वाली मार्ग 13 माईल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने पीएनएम ट्रांसपोर्टर के कोयला लोडिंग के लिए जा रहा हाईवा को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में ड्राइवर बाल बाल बचा। ट्रक में सिमेंट लदा हुआ था। पीएनएम ट्रांसपोर्टर का हाइवा कोयला लोडिंग में जा रहा था। वहीं मौजूद लोगों ने गाड़ी के स्टेरिंग में फंसे ड्राइवर को मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस मौके पर कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रही पीएनएम ट्रांसपोर्टिंग की वाहनों की लंबी कतार लग गयी। घटना की सूचना पर सीआईएसएफ के जवान के प्रयास से सड़क जाम को हटाया गया।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न



**गोला/झरिया (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में चैती दुर्गा पूजा सोमवार को कलश विसर्जन के बाद संपन्ना हो गया। कलश विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां से आशीर्वाद मांगी। महिला श्रद्धालु ढोल-नगाड़े के साथ नाचते गाते तालाब पहुंची। पुजारी रविंद्र मिश्रा, आचार्य शालिग्राम पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नौ पौधों को एक साथ बांध कर मां का कलश बिसर्जन किया। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए चार दिनों तक भक्तों की लाइनें लगी रही। बताया गया कि यहां सन 1972 से चैती दुर्गा पूजा और शारदीय नवरात्र धूमधाम के साथ की जाती है। यह मंदिर क्षेत्र के लिए काफी प्रसिद्ध है। मौके पर अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, संयोजक मनोज मिश्र, सचिन सनत कुमार सिंह, सहसचिव जनार्दन पाठक, उपाध्यक्ष सुशील कुमार बुधिया , कार्यकारिणी सदस्य शिव प्रकाश, निहार, कपिल देव प्रसाद, शुभम कुमार, सौरभ कुमार, सौरभ बुधिया, नरसिंह प्रजापति, भोला कुमार, पंकज बुधिया आदि थे।

## रूट्स माउंट स्कूल में नेत्र जांच शिविर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रूट्स माउंट स्कूल, सेवटा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एजआइ हॉस्पिटल, रांची के अनुभवी चिकित्सको ने वर्ग छह से 10 तक के बच्चों की नेत्र की जांच की। साथ ही, उचित सलाह देते हुए नेत्र पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। मौके पर निदेशक अखिलेश कुमार सिंह, चिकित्सक शामिल रहे।

# रामनवमी में तत्पर रहे डीसी-एसपी रामगढ़ के निवासियों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी के जुलूस को लेकर अक्सर दो समुदायों के बीच तनाव की बात आती है, लेकिन इस बार डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार के पहल पर हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस में खुलकर शामिल हुए। डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार की जोड़ी ने तनाव की सारी गुंजाइशों को खत्म कर दिया। इन दोनों अधिकारियों की पहल पर ऐसा माहौल बना कि हिंदू और मुसलमान दोनों समुदायों ने मिलकर रामनवमी का त्यौहार मनाया। जुलूस में जहां हिंदू समुदाय के लोग भागवत ध्वज के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए सड़क पर निकले, तो दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इन भगवाधारियों का स्वागत फूलों से किया। रामगढ़ जिले में कुल 217 स्थानों पर भगवाधारियों ने जुलूस निकाला था। डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने 107 अखाड़े में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने को लेकर जिले के तमाम लोगों को बधाई दी। रामगढ़ में सौदागर मोहल्ला, गोलपार, नयी सराय एवं कुज्जू चौक और श्रीराम चौक में मुस्लिम समुदाय द्वारा तैयार किए गए स्वागत मंच की सराहना की। अधिकारियों ने वैसे लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि आगामी त्योहारों में दोनों समुदायों के बीच खलल पैदा करने, सौहार्द बिगाड़ने और विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।




**श्रीश्री रामनवमी महासमिति ने किया डीसी-एसपी का स्वागत**
जुलूस के दौरान श्रीश्री रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष धमेंद्र साव भोपाली के नेतृत्व में समिति के अन्य पदाधिकारियों ने डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार को मोमेंटो और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने रामनवमी जुलूस में शामिल लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दिया।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री रामोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे रामगढ़

# हिंदू समाज की घटती जनसंख्या चिंता का विषय : मिलिंद परांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद् के रामजन्म उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के अंतरास्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे रामगढ़ पहुंचे। इस दौरान होटल लॉ मैरिटल में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत दीप प्रवजलित और एकातमा मंत्र, विजय महामंत्र के साथ शुरू हुआ।

**50 हजार से अधिक स्थानों से निकला शोभायात्रा**

बैठक में मिलिंद परांडे ने अपने संबोधन में कहा कि देश भर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा हैं। 50 हजार से अधिक स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गयी। पश्चिम बंगाल में भी ढाई हजार से ज्यादा स्थान पर शोभा यात्रा निकाली गयी। पूरा देश राममय वातावरण में बदल गया। एक सामान्य व्यक्ति को अपने जीवन कैसे जीना है उसे प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन में करके दिखाया है। श्री परांडे ने कहा कि देश में हिंदुओं की घटती हुई जनसंख्या चिंता का विषय है और आने वाले समय में हिंदू की घटी हुई जनसंख्या, आने वाले समय में एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा, अब समय आ गया है की जनसंख्या के बारे में हिंदू सोचे बच्चों की संख्या को बढ़ाएं।




**भगवान बिरसा मुंडा की मृत्यु मिशनरियो के जेल में हुई**

श्री परांडे ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की मृत्यु मिशनरियो के जेल में हुई। अन्य धर्म के लोग हिंदू समाज को क्षेत्र जाति और अन्य विषयों पर कैसे षड्यंत्र कर-के बांटने के काम में लगे हैं, इसके लिए विधर्मी योजनाएं बना रहे है और इसके लिए उनका गिरोह की तरह एक बड़ा संगठन इसके लिए कार्य कर रहा हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री बीरेंद्र बिमल,क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम,प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र,प्रांत सह मनोज पोद्दार, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी कीर्ति गौरव,जिला मंत्री छोटू वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अभय वर्मा, बजरंग दल संयोजक भागीरथ पोद्दार, खुशबु देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डोमचांच में शांतिपूर्वक निकला रामनवमी जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता




**डोमचांच।** रामनवमी में थाना अंतर्गत विभिन्न इलाकों में शांतिपूर्वक निकाला गया रामनवमी जुलूस। इस जुलूस में सैकड़ो की तादाद में श्री राम जी के भक्त लाठी और गदा के साथ मौजूद थे। लोगों ने तरह-तरह के खेल दिखाकर लोगों के मन को मोहने का काम किया और भीड़ को आकर्षित करने का काम किया। जुलूस में शामिल होने वाले सारे भक्त जनों के लिए जगह-जगह पर पीने के लिए पानी और शरबत का व्यवस्था किया गया था। डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश अपने पूरे दल बल के साथ झांकी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। भक्तों का कहना है कि रामनवमी का पावन पर्व भगवान राम के जन्म का प्रतीक है जिसे भक्त बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते हैं। डोमचांच में बगडो, बगरीडीह, नावाडीह, बेहराडीह, मसनोडिह, मधुवन आदि जगहों से पूरा भीड़ के भीड़ में जुलूस एक साथ इकट्ठा होती है और हर्षोल्लास के साथ पर्व रामनवमी मनाते हैं। बगरीडीह में मो नजरुल अंसारी ने एकता का परिचय देते हुए शोभायात्रा में सभी को अपने तरफ से शर्बत दे कर एकता परिचय दिया। वही डोमचांच ढाब रोड में जितने भी अखाड़ा समिति द्वारा प्रस्तुत झांकी किया गया उन सभी लोगों को निर्णायक मंडली के द्वारा मेडल व अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।

## बुधवार को होगा मां दुर्गा और महामाया माता की प्रतिमा का विसर्जन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर और काली मंदिर में लगी महामाया माता की प्रतिमा का बुधवार को विसर्जन किया जायेगा। इस बार माता दुर्गा की पूजा चैत्र रामनवमी आठ दिनों में ही पूर्ण हो गयी। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के पुजारी आचार्य अधीन आयम पांडे और आचार्य पुरुषोत्तम पांडे ने बताया कि यह दशहरा का पर्व है। इस बार अष्ट दुर्ग लगने के कारण आठ दिनों में ही रामनवमी महापर्व संपन्न हो गया। सोमवार को विजयादशमी पड़ी, लेकिन दशहरा 10 दिनो का होता है। इसलिये प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया जायेगा।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को दिया गया उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिला मुख्यालय के जलछाजन परिसर में स्थित द प्रेस क्लब चतरा के कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा सम्मान दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और अपर समाहर्ता अरविंद कुमार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष विपिन सिंह ने पौधा देकर और वरिष्ठ पत्रकारों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में उपस्थित




उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि पत्रकारों द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने की योजना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चतरा जैसे पिछड़े क्षेत्र में कई दशक से सेवा दे रहे स्वास्थ्यकर्मियों की सेवा कार्य सराहनीय है। द प्रेस क्लब चतरा की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 1988 से सेवाभाव से अपनी सेवा देने वाले डॉ नित्यानंद मंडल, निःस्वार्थ सेवा देने के लिए चर्चित सदर अस्पताल में कार्यरत एएनएम जोर्जिना मिंज और अंत्यपरीक्षण कार्य करने के लिए हमेशा लोगों की सेवा देने वाले सुखदेव राम को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा सम्मान दिया गया। जिले के वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति में उपायुक्त रमेश घोलप और अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र, मोमेंटो और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष बिपीन सिंह, संचालन सचिव जीतेंद्र तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार दीनबंधु ने की। समान समारोह कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद, नौशाद आलम, चंद्रेश शर्मा, दीनबंधु, मो सरफराज, प्रवीण रस्तोगी, सूर्यकांत कमल, नवीन पांडेय, सत्येंद्र मित्तल, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष परमानंद आर्य, कोषाध्यक्ष अलख सिंह, संजय कुमार, अभिमन्यु यादव, मो तसलीम, संजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण आज

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** चैत्र रामनवमी के अवसर पर मंगलवार को मरकच्चो में दुर्गा पूजा समिति की ओर से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त बातों की जानकारी समिति के रवींद्र पांडे, मनोज सिंह, सतीश सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उनलोगों ने बताया कि बंगाल के मशहूर कलाकारों के द्वारा भक्ति जागरण प्रस्तुत किया जायेगा।

## बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के स्थित पथलडीहा मे बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान अशोक दास उम्र 45 वर्ष ग्राम पथलडीहा कोडरमा निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अशोक दास कोडरमा बाजार से अपने घर पथलडीहा जा रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट मे घायल हो गया।

# सौरभ मोटर्स ने किया शर्बत वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** रांची रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर के निकट सौरभ मोटर्स और परिजनों ने दिवंगत सौरभ को भावपूर्ण श्रद्धांजलि पर रामनवमी पर्व को लेकर निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों के बीच शर्बत का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष राजा महतो के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर दिवंगत सौरभ सिंह के बहन श्वेता सिंह ने बताया कि भाई सौरभ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों द्वारा रामभक्तो के बीच शर्बत वितरण करने का एक छोटा सा प्रयास कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि रामभक्तो को गर्मी और प्यास में थोड़ी राहत मिल सके। वहीं, शोभायात्रा में शामिल रामभक्तो ने सेवाभाव कार्य के लिए पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया। साथ ही, दिवंगत सौरभ को नमन किया। इस अवसर पर पिता देवशंकर सिंह, बहन श्वेता सिंह, रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजा महतो, साहिल राज, विक्की प्रकाश, हर्ष कुमार, बलराम कुमार समेत समिति के सदस्य शामिल रहे।

# जिले में धूमधाम से मनायी गयी रामनवमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी रविवार को जिले में धूमधाम से सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। रात्रि में विभिन्न पूजा समिति द्वारा गाजे-बाजे के साथ झांकी निकाली गयी। इसके अलावा लोगों ने अपने-अपने घरों में भी महावीरी पताके लगाकर भगवान श्रीराम की अराधना की। शहर के 27 पूजा समितियों और अखाड़ों द्वारा रात लगभग 10 बजे से झांकियां का प्रदर्शन प्रारंभ किया गया, जो सोमवार के दोपहर 12 तक जारी रहा। शिव शक्ति क्लब बींड मुहल्ला के द्वारा झांकी में अंगद रावण प्रसंग का जीवंत प्रस्तुति किया जायेगा। न्यू स्नेही क्लब लाइन मुहल्ला द्वारा झांकी में भगवान कृष्ण के द्वारा समुंद्र मंथन की प्रस्तुति किया गया है। शांति क्लब की झांकी में माता दुर्गा विशालकाय शेर पर सवार दिखाई देंगे। डॉन क्लब पेट्रोल पंप के द्वारा झांकी में विशालकाय शेर का स्वरूप दिखाया गया है। त्रिशूल क्लब की झांकी में 20 फीट उंचे हनुमान जी की प्रतिमा बनाई गयी थी। इसके अलावा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी ने भी रात भर पंडाल में जमे रहे। लायंस क्लब आफ चतरा यूनाइटेड ने शिविर लगाकर किया, दवा ,चना-गुड़ और शुद्ध पेयजल का वितरणहर साल की भांति इस साल भी लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड ने रामनवमी के शुभ अवसर पर पुराना पेट्रोल पंप के पास शिविर लगाकर सारी रात श्रद्धालुओं के बीच दवा, चना- गुड़ एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया, साथ ही डॉक्टर हर्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में मेडिकल कैंप भी लगाया गया एवं मरीज के फ्री हेल्थ चेकअप के साथ-साथ घायल श्रद्धालुओं का समुचित इलाज भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर हर्ष देव गुप्ता, सचिव माधवी गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लाल गुप्ता, सतीश लाल गुप्ता, प्रहलाद यादव, मनोज कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, विकास कुमार केसरी, संजीत कुमार मिश्रा आदि का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में परोक्ष रूप से जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, जितेंद्र जैन, डॉक्टर ए जया, रीना गुप्ता और अन्य अनेक सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–17–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–17–2025, कार्य का नाम :** राँची–टोरी – एडीईएन (सेटलमेंट)/हटिया के अधिकार क्षेत्र में छोटे पुलों का सुदृढ़ीकरण, एडीईएन (सेटलमेंट)/हटिया के तहत नागजुआ–लोहरदगा शाखा में पुल सं. 115 पर स्पैन सं. 5 और 6 में भूकंप निरोधक (साइज्मिक रिस्ट्रेनर) प्रदान करते हुए पियर सं. 5 की नींव को चौड़ा करना और गर्डर को मजबूत करना, यूआईसी 7743आर और आरएसआई के लिए आरडीएसओ दिशानिर्देशों के नवीनतम प्रावधानों के अनुसार एमआईडीएएस रेल–ट्रैक मॉड्यूल का उपयोग करते हुए रेल स्ट्रक्चर इंटरैक्शन एनालिसिस का संचालन और रिपोर्ट प्रस्तुत करना एवं सुधारात्मक समाधान प्रस्तावित करना... **निविदा मूल्य:** रु. 6,77,16,703.29, **बयाना राशि:** रु. 4,88,600/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-19)**


# पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर डीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीसी ने पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों और संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गयी। मौके पर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर डीसी एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान डीसी के द्वारा पीवीयूएनएल के अधिकारियों को पतरातू प्रखंड अंतर्गत रसदा, बलकुदरा, जयनगर और गेगदा ग्राम में ग्रामीणों के लिए आइटीआइ प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अंचल अधिकारी पतरातू सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्मशान घाट सेवा समिति ने अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के अंतर्गत रविदास मोहल्ला में गरीब असहाय व्यक्ति ललित राम का सोमवार को देहांत किसी कारणवश हो गया, जिसको लेकर के शमशान घाट सेवा समिति के द्वारा अग्नि संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी दिया गया। वहीं पर अध्यक्ष दिनेश सिंहा ने कहा कि यह संस्था यहां के जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी और सामाजिक लोगों के द्वारा चलाए जा रहा है। हमेशा गरीबों असहाय लोगों को निःशुल्क लकड़ी दिया जाता हैं। वहीं पर मृतक के परिजनों ने कहा कि संस्था के नेतृत्वकर्ताओं को धन्यवाद दिया और कहां कि संस्था आप लोग चला रहे हैं आप सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं।

मौके पर शमशाद घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिंहा, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, पूर्व मुखिया विष्णु रजक झामुमो प्रखंड सचिव सरोज मेहता, आकाश कुमार, गोविंद कुमार, संतोष राम, राजू राम इसके अलावा कई लोग उपस्थित हैं।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 373 date 07.01.2025, I, Ajeet Kumar Age- 46 year S/o Late Ram Bachan sharma R/o. R-24-3, Harmu housing Colony, P.o- Doranda, P.s. Argora, Dist.- Ranchi, State Jharkhand - 834002 Aadhar No. 6899 0287 4168 do hereby solemnly affirm on and declare as follows : 1. that I am Indian National by Birth 2 . That I am resident of abouve mentioned address. 3. That Arnav Sharma is my son. His date of Birth is 24-10-2009 according to his Birth Certificate and as per his school record. 4. That in Aadhar No. 5621 7823 2324, name of my son has mentioned as MASTER ARNAV witch is wrong, and need to be correct as ARNAV SHARMA in place of MASTER ARNAV for witch i am swearing this affidavit.
All statements made above are true to the best of knowledge information and belief.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 405 date 10.01.2024, I, SHIV KUMAR JHA S/o Late Indra Deo Jha, aged about 62 years, by faith-Hindu, by occupation-Pujari, by Nationality-Indian, R/o At.- Qtr.No.-M.S.S.-30, Near Indira Chowk, Argada, P.O.-Argada, P.S.-Ramgarh, Dist.-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That my actual and correct name is "SHIV KUMAR JHA" which has been mentioned in my Aadhar Card, bearing No.-6301 3949 3763 & PAN Card, bearing No.-AZEPD4608L.
2. That due to inadvertency my name has been mentioned as "PAPPU JHA" in my Post Office Saving Account, Ramgarh Branch, bearing A/C No-8789435938.
3. That "SHIV KUMAR JHA" and "PAPPU JHA" both name is same and single(one) person i.e. myself.
4 That this affidavit is required for produce to Authority concern of Post Office for needful purpose.
5. That above statements are true and correct.

# कांग्रेस में कलह

कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच का विवाद अभी भी जारी है, जो पार्टी के लिए सही नहीं है। इन दोनों नेताओं के बीच कलह की बात वक्त-वक्त पर सामने आती रही है और शीर्ष नेतृत्व अभी तक इसे सुलझाने में नाकाम रहा है।

**वर्चस्व की लड़ाई :** सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार का टकराव वर्चस्व की लड़ाई है। दोनों नेता राज्य संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान में भी देखने को मिला था, जहां आखिरकार पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ी। बिल्कुल वही सब अब कर्नाटक में हो रहा है। यह बिल्कुल अप्रत्याशित स्थिति है, जहां सीएम और उनके मंत्री चाहते हैं कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा दे दें। जब इस तरह साफ-साफ दो गुट बन गये जायें, तो न संगठन ठीक से चल सकता है और न सरकार।

**गुटबाजी का रोग :** कांग्रेस की इस समय केवल तीन राज्यों में सरकार है - कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश। झारखंड और जम्मू-कश्मीर में वह सरकार का हिस्सा जरूर है, लेकिन जूनियर पार्टनर के रूप में। जहां पार्टी की अपनी सरकार है, वहां भी सब ठीक नहीं लग रहा। कर्नाटक की कहानी तो चल ही रही है, तेलंगाना और हिमाचल से भी गुटबाजी की खबरें आती रही हैं। हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नौ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी और पार्टी के उम्मीदवार को हार मिली थी।

**कांग्रेस के अंदर कलह का असर विपक्ष के बाकी दलों के साथ उसके रिश्तों और आइएनडीआइए ब्लॉक में उसकी स्थिति पर भी पड़ रहा है। यूपी उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा इलेक्शन, कहीं भी साथी दलों ने कांग्रेस को भाव नहीं दिया।**

**केंद्रीय नेतृत्व की कमजोरी :** लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने 99 सीटें जीतीं, तो लगा कि पार्टी वापसी की राह पर है। लेकिन, एक के बाद एक विधानसभा चुनावों में हार ने उसे फिर बेपटरी कर दिया। उसने लोकसभा चुनाव से जो भी बढ़त कमाई थी, वह हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली हार में खर्च हो गयी और इसके पीछे वजह रही गुटबाजी। दोनों राज्यों में स्पष्ट तौर पर पूरा संगठन बंटा नजर आ रहा था, पर केंद्रीय नेतृत्व सही वक्त पर कठोर फैसले लेने में नाकाम रहा।

**स्थिति कमजोर पड़ी :** कांग्रेस के अंदर कलह का असर विपक्ष के बाकी दलों के साथ उसके रिश्तों और आइएनडीआइए ब्लॉक में उसकी स्थिति पर भी पड़ रहा है। यूपी उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा इलेक्शन, कहीं भी साथी दलों ने कांग्रेस को भाव नहीं दिया। यही हालात बिहार में भी दिख रहे हैं, जहां इसी साल चुनाव होना है। जब तक वह आपस की लड़ाई से बाहर नहीं निकलती, पार्टी का मजबूत स्थिति में आना मुश्किल है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वेंकी रामकृष्णनन का शोध बताता है कि कैलोरी सेवन कम करने से हमारा जीवन लंबा होता है। कैलोरी प्रतिबंध से प्रोटीन उत्पादन को नियंत्रित किया जाता है, ताकि हम बहुत अधिक प्रोटीन का निर्माण नहीं करें। जीवन के सामान्य क्रम में हम प्रोटीन बनाते हैं। और जब उसकी जरूरत नहीं होती है, तो हम उसका परित्याग कर देते हैं। उसको अनावश्यक रखना भी शरीर के लिए खतरनाक होता है। शरीर में अतिरिक्त प्रोटीन का उत्पादन कम होने और कचरे का पुनर्चक्रण से उम्र के बढ़ने में फायदा होता है।**

# आखिर हम मरते क्यों है?



**डॉ मयंक मुरारी**



केवल सांस का रुक जाना ही मृत्यु है? क्या सांस का चलना ही पूरा जीवन है? क्या हमारे पास इस अस्तित्व को जानने का एकमात्र माध्यम सांस है? आखिर हम मरते क्यों है? वेन्की रामकृष्ण एक विश्व प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक है। उन्होंने एक किताब लिखी है- हम क्यों मरते है? इसमें उन्होंने उम्र बढ़ने का नया विज्ञान और अमरता की खोज पर चिंतन किया है। यह एक ऐसी किताब है, जिसमें उम्र बढ़ने और दीर्घायु के बारे में नवीनतम वैज्ञानिक समझ को रेखांकित किया गया है। हमारे शरीर में करीब 30 लाख करोड़ कोशिकाएं हैं। ये सभी एक निश्चित पैटर्न में नियंत्रित तरीके से बढ़ती रहती है और एक समय के बाद खुद ही नष्ट हो जाती है। इन प्रक्रिया के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है, जो शरीर में मौजूद ग्लूकोज से मिलती है। अगर इन्हें पर्याप्त सुगर नहीं मिले तो यह प्रक्रिया धीमी हो सकती है। सांस के साथ ऊर्जा का आवागमन है, तो सांस के पार ध्यान में सजगता से हम इसी प्रक्रिया को लंबा कर सकते हैं।

जब हम कहते है कि कोई मर जाता है तो उस दरम्यान भी हमारा अधिकांश हिस्सा, यानी अंग जीवित रहते है लेकिन हमारी मांशपेशियां इतनी कमजोर हो जाती है कि हमारा दिल धड़कना बंद कर देता है, हमारे अंग ऑक्सीजन और पोषक तत्वों वाले रक्तों को पंप करना बंद कर देते हैं। अगर हम यह भी नहीं चाहते हैं कि आपकी कोशिकाएं बहुत बूढ़ी हो जाये तो सबसे पहले यह देखे कि जीवन अवधि हरेक जीव के लिए अलग क्यों है? शार्क और व्हेल कई सौ साल तक जीवित रहते है, तो कछुआ का जीवन काल 170 साल से अधिक होता है। दूसरी हो मक्खी एक दिन या कीट कुछेक घंटे और चूहा दो साल तक जिंदा रहते हैं। हरेक जीव का उम्र अलग होना ही बताता है कि हम उम्र बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं। इसके लिए कुछ बातों को जानना होगा। राइबोसोम कैसे काम करता है, डीएनए की मरम्मत तंत्र कैसे काम करता है आदि की जानकारी होनी चाहिए। जिससे हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सके? एक दिन में हमारी कोशिका के डीएन में एक लाख परिवर्तन होते हैं। सिर्फ पानी के कारण दस हजार परिवर्तन होते है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, इसमें टूटने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। उम्र बढ़ना हमारी कोशिकाओं के अंदर अणुओं में रासायनिक क्षति का संचय है जो स्वयं कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, फिर ऊतक को और अंत में समूचे शरीर का क्षय करता है।

**आज, जीवन प्रत्याशा लगभग 71 वर्ष है, जो कि एक अतिरिक्त जीवन जोड़ने जैसा है।**

वेंकी रामकृष्णन का शोध बताता है कि कैलोरी सेवन कम करने से हमारा जीवन लंबा होता है। कैलोरी प्रतिबंध से प्रोटीन उत्पादन को नियंत्रित किया जाता है ताकि हम बहुत अधिक प्रोटीन का निर्माण नहीं करें। जीवन के सामान्य क्रम में हम प्रोटीन बनाते है। और जब उसकी जरूरत नहीं होती है, तो हम उसका परित्याग कर देते हैं। उसको अनावश्यक रखना भी शरीर के लिए खतरनाक होता है। शरीर में अतिरिक्त प्रोटीन का उत्पादन कम होने और कचरे का पुनर्चक्रण से उम्र के बढ़ने में फायदा होता है। जब कैलोरी सीमित होती है, तो शरीर के लिए वह अच्छा होता है। व्यायाम, आहार और निंद्रा से इसका सकारात्मक प्रभाव होता है। मृत्यु पर विजय एक नैतिक सवाल भी उत्पन्न करता है जब गरीब के पास भोजन नहीं है। अच्छा भोजन दूर की बात है। उसके लिए उनको निंद्रा से समझौता करना होता है। इसलिए अगर लंबे जीवन का लाभ समाज के सभी लोगों को नहीं मिलता तो, इसका क्या फायदा है।

पिछले दिनों इतिहासकार विलियम डेलरिंपल का एक पॉडकास्ट सुन रहा था- लॉरेंस ऑफ अरेबिया पर। लॉरेंस ऑफ अरेबिया ने मरने के पहले लिखा था- क्या तुमने खुद को एक पत्ता महसूस किया है जो पेड़ से पतझड़ में गिरा हो और इस बात को लेकर उलझन में पड़ा हो? यह गिरते हुए पत्ते में मृत्यु और कोंपल में जीवन की अनुभूति ने मुझे अमरता को स्पर्श किया। प्रकृति में जन्म और मृत्यु का चक्र है। काशी में गंगा के तीरे पर पूजा में जीवन है तो दूसरी ओर मृत्यु के लौ में भी उत्सव है। जापानी कविता है- यह ओस की दुनिया है, सिर्फ ओस की दुनिया है। फिर भी है। इस जीवन के मर्म में ही मृत्यु क्यों है, का उत्तर है।

लंबे और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के लिए जो सामान्य ज्ञान की सलाह दी जाती है वे सदियों से चली आ रही हैं। हमें यह हमारी दादी-नानी से मिला है। पेट मत बनो। व्यायाम करो। तनाव से बचें, जो हार्मोनल प्रभाव पैदा करता है, जो हमारे चयापचय को बदलता है और उम्र बढ़ने को तेज कर सकता है। पर्याप्त नींद लें। उम्र बढ़ने पर शोध हमें इस सलाह के गहरे जैविक निहितार्थों को समझने में मदद कर रहा है। संतुलित मात्रा में विभिन्न प्रकार के स्वस्थ खाद्य पदार्थ खाने से मोटापे के स्वास्थ्य जोखिमों को रोका जा सकता है। व्यायाम हमें नये माइटोकॉन्ड्रिया को पुनर्जीवित करने में मदद करता है - हमारी कोशिकाओं के पावरहाउस जो ऊर्जा प्रदान करते हैं। सोने से हमारे शरीर को आणविक स्तर की मरम्मत करने की अनुमति मिलती है। इस सदियों पुरानी, पक्की सलाह के पीछे के जीवविज्ञान को जानने से हमें अन्य कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जो एक लंबे और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

हममें से ज्यादतर लोग बूढ़े नहीं होना चाहते है। सामान्यतः कोई भी इस जीवन को छोड़ना नहीं चाहते। हम तब तक नहीं जाना चाहते जब तक जीवन में उत्सव और खुशी का दौर चल रहा है। उस दौरान हम यह भी नहीं सोचते है कि हमारे शरीर में कोशिकाएं हर समय बनती और मरती रहती हैं, फिर भी हम अस्तित्व में बने रहना चाहते है। पृथ्वी पर जीवन चलता रहेगा क्योंकि कोशिकाएं आते-जाते रहेंगे। किसी न किसी स्तर पर, हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह सिर्फ चीजों की योजना का हिस्सा है। मुझे लगता है कि अमरता की यह खोज एक मृगतृष्णा है। जब अनंत काल तक जीवन का सोचे तो यह जरूर याद करें क एक सौ पचास साल पहले, हम लगभग 40 साल तक जीने की उम्मीद कर सकते थे। आज, जीवन प्रत्याशा लगभग 71 वर्ष है, जो कि एक अतिरिक्त जीवन जोड़ने जैसा है। लेकिन हम अभी भी मरने के बारे में जुनूनी हैं। मुझे लगता है कि अगर हम 150 साल तक जीते है तो हम इस बात से परेशान होंगे कि हम 200 या 300 साल तक क्यों नहीं जी रहे हैं। यह कभी खत्म नहीं होगा।

जब सवाल हो कि क्या हमें नश्वर होना चाहिए? तब यह जानना चाहिए कि अमरता की तलाश नया नहीं है। मानव की चिरंतन सुख और समृद्धि की ललक की यह पराकाष्ठा है। व्यक्ति अगर अमर हो गया, तो इस सभ्यता का और समूचे जगत की स्वाभाविक गतिशीलता का क्या होगा? जीवन का अर्थ अनंतता या अमरता में नहीं है। पीड़ादायी शरीर के साथ अमर रहनेवाला अश्वथामा होने से अच्छा है कि घटोत्कच की तरह धर्म के लिए अपने अनंत शक्ति को समर्पित कर दे। अमरता में जीवन की सार्थकता है। तो वह अमरता हनुमान की होनी चाहिए। जो हर पल समाज के लिए खुद को प्रस्तुत करने को तत्पर रहे। संजीवनी बूटी वाले विशाल द्रोणाचल पहाड़ को हाथ पर उठाये रखने वाले हनुमान भी यातना भोग रहे हैं, लेकिन लोकोपकार के खातिर। उनका द्रोणाचल जीवन का अर्थ देनेवाले औषधियों से भरा-पूरा है। बुढ़ापा को रोकने से बेहतर है कि जीवन को स्वस्थ और व्यक्तित्व को अमर बनाने पर काम किया जाए ताकि समाज को एक सही दिशा दिया जा सके।

## कोल्हान की खबरें

# हाइ वोल्टेज तार की चपेट में आने से छह लोग झुलसे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस के दौरान गोविंदपुर के यशोदा नगर में शारदा राम बजरंग अखाड़ा समिति के 6 लोग करंट लगने से घायल हो गये। सोमवार शाम घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जिला परिषद परितोष सिंह मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस व लोगों की मदद से घायलों को टेल्को अस्पताल पहुंचाया। जहा घायलों में के विजय कुमार, शमी कुमार प्रसाद, प्रदीप वर्मा,एस प्रजापति और विजय कुमार डे का इलाज चल रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल संजय कुमार सिंह को टीएमएच रेफर किया गया। घटना की जानकारी देते हुए परितोष सिंह ने बताया विसर्जन जुलूस के दौरान गोविंदपुर यशोदा नगर में 1.32 लाख हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आने से छह लोग बुरी तरह घायल हो गये। डीवीसी का हाई वोल्टेज तार काफी नीचे में होने के दौरान दुर्घटना घटी है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। तुरंत ही राहत कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# गालूडीह में शिक्षा मंत्री ने तीन सड़क और उप स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गालूडीह।** सोमवार को स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने अपने काफिले के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र गालूडीह पहुंचे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में 12 करोड़ 86 लाख रुपये से बनने वाले तीन सड़क व एक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। मंत्री ने गालूडीह से नरसिंगपुर बंगाल सीमा तक पथ का आइआरजीपी कार्य 14 किलोमीटर 11 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य, गालूडीह बाजार रोड का 2.20 मीटर 8 लाख 92 हजार रुपये की लागत से बनने वाले साधारण मरम्मती कार्य, गालूडीह के पाटमहुलिया में 55 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र, गालूडीह एनएच 33 से घीकुली तक 2.050 किलोमीटर एक करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

# मानगो के प्राचीन नारायण गोस्वामी अखाड़ा की रावण वध झांकी आकर्षण का केंद्र रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो क्षेत्र के सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित नारायण गोस्वामी अखाड़ा द्वारा रामनवमी के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा मानगो पोस्ट ऑफिस रोड के मुहाने पर हीरा होटल के पास अखाड़ा परिसर से धूमधाम के साथ निकाली। शोभायात्रा में पूर्व अखाड़ा के लाइसेंसी अशोक गौड़ द्वारा पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को पारंपरिक पगड़ी और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर से आई ढोल-ताशा पार्टी द्वारा प्रस्तुत रामधुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। मध्य प्रदेश के रीवा से पधारे कलाकारों ने रावण वध की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया गया चाहे कितनी भी भौतिक सुविधाएं क्यों न हों, अंततः सत्य की ही विजय होती है। मौके पर अशोक गौड़, छोटेलाल सिंह, मनोज ओझा, राजा गांगुली, बापी दे, पंकज गुप्ता, आपी गोस्वामी, लक्ष्मी शर्मा, विक्की सिंह, नंदू शर्मा समेत सैकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# विसर्जन अखाड़ा जुलूस में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गुड़- चना का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विजयदशमी के पावन अवसर पर विसर्जन अखाड़ा जुलूस के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने टेल्को स्थित लेबर ब्यूरो के पास स्टाल लगाकर भक्तजनों के बीच सेवा दी। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने चना गुड़ शरबत का वितरण सैकड़ो भक्तजनों के बीच किया। कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के जिला अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले एवं तुलसी भवन से संजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तीनों सेना से सेवानिवृत सैनिक साथियों द्वारा राहगीरों और झंडा विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच शीतल शरबत, गुड़ और चना का वितरण किया गया। गर्मी के बीच इस सेवा ने लोगों को न केवल राहत दी बल्कि रामनवमी के पावन पर्व को सेवा के माध्यम से मनाने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। मौके पर मातृसक्ति सविंदर कौर, संगठन के कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, दयाभूषण, उमेश शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुखविंदर सिंह, गौतम लाल, संतोष कुमार के साथ संगठन के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# रामनवमी पर ब्रह्माकुमारी बारादारी ने अखाड़ा समितियों का स्वागत कर दिया आध्यात्मिक संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बारादारी शाखा द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर विशेष स्टॉल लगाया गया। सोमवार को उन्होंने अखाड़ा एवं झांकी में भाग लेने वाले सभी दलों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर साकची क्षेत्र के प्रमुख अखाड़ों में जम्भू अखाड़ा, रोहन अखाड़ा (भालूबासा), रामनवमी अखाड़ा, हनुमान अखाड़ा एवं श्री दुर्गा समिति अखाड़ा (सीताराम डेरा) के सदस्यों का ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा तिलक, अंगवस्त्र और ईश्वरीय सौगात देकर हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर जम्भू अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह, श्री दुर्गा समिति के अध्यक्ष रामदास एवं अन्य आथिति उपस्थित रहे। मौके पर साकची क्षेत्र की प्रभारी सुधा दीदी एवं कोमल बहन ने रामनवमी के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए कहा कि रामनवमी न केवल त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रतीक है, बल्कि आत्मा का ईश्वर के साथ पुनः संबंध जोड़ने और पवित्र जीवन जीने का संदेश भी देती है। सुधा दीदी ने श्रीराम के मर्यादित जीवन, सीता के आदर्श, लक्ष्मण के लक्ष्य-निर्देशित जीवन और हनुमान की विनम्रता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा इन गुणों को अपनाकर ही हम अपने जीवन को राममय बना सकते हैं। उन्होंने बताया वर्तमान समय में परमात्मा द्वारा रामराज्य की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है, जो निकट भविष्य में साकार होने जा रही है। मौके पर सभी आगंतुकों के लिए चना, शरबत, जल एवं आइसक्रीम का प्रबंध कर सेवा भाव से वितरण किया गया। जिसमें स्थानीय भाई-बहनों ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। सुधा दीदी एवं कोमल बहन ने समस्त झारखंडवासियों को रामनवमी की मंगलमयी शुभकामनाएं दीं। कहा इस पर्व को सच्चे अर्थों में मनाने का अर्थ है धर्म की स्थापना करना, अधर्म का नाश करना और जीवन में शांति, प्रेम, सत्य एवं मर्यादा को अपनाना। मौके पर सेवा कार्य में अशोक, विवेक, हैप्पी, राजीव हनुमंत, हरि, कृतिवास सहित अन्य का अहम योगदान रहा।



# सामाजिक संगठनों ने विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सामाजिक संगठनों ने रामनवमी विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए विभिन्न सेवा शिविर लगाया। शिविर में श्रद्धा, सेवा और सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। तेजस्विनी महिला संगठन द्वारा सरिता सिनेमा के समीप लगाए गए शिविर में चना-गुड़, फल एवं शरबत का वितरण किया गया। मौके पर संगठन की अध्यक्ष और आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 की निवर्तमान पार्षद श्रीमती नीतू शर्मा के नेतृत्व में संगठन की पूरी टीम सक्रिय रही। आदित्यपुर बाजार दुकानदार समिति ने बाजार में शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को फल, गुड़, चना एवं शरबत का वितरण किया। सेवा कार्य में मनोज सोनकर, गोरांगो, समाजसेवी रोशन कुमार एवं टीएमसी नेता बाबू तांती समेत अन्य दुकानदारों की अहम भूमिका रही। भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था की ओर से आकाशवाणी चौक के समीप शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को गुड़, चना एवं शरबत का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड 15 के निवर्तमान पार्षद नथुनी सिंह भी उपस्थित रहे।

# गढ़वा में रामनवमी पर भक्तिमय बना रहा माहौल

## श्रद्धालुओं के जनसैलाब और जय श्रीराम के नारों से भक्तिमय हुआ पूरा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रामनवमी पूजा पूरे भव्यता और दिव्य के साथ संपन्न हो गया। पूजा के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे शहर को भक्ति के रंग में सराबोर करके रखा। प्रभु श्री राम और हनुमान के भजन पर लोग रातभर थिरकते रहे। रविवार की रात शहर के विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ों ने अपने-अपने क्षेत्रों से आकर्षक झांकियों और महावीरी झंडों के साथ शोभायात्रा निकाली, जो मेन रोड से होते हुए देर रात रामलला मंदिर परिसर में पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम का समापन हुआ।



एक ही मंच पर मौजूद सत्येंद्र नाथ तिवारी और मिथिलेश ठाकुर।

शोभायात्रा में श्री राम पूजा समिति (चिनियां रोड), मां भवानी अखाड़ा (रांकी मोहल्ला), दिगंबर अखाड़ा (निमियां स्थान), जय हनुमान अखाड़ा (सोनपुरवा), वीर कुंवर सिंह अखाड़ा (आदर्श नगर), श्री बजरंग अखाड़ा (मझिआंव मोड़), शांति सद्भावना समिति (मझिआंव रोड), बजरंग संघ (सोनपुरवा), जय श्री राम अखाड़ा (इंदिरा गांधी रोड), व्यवसाय संघ (अग्रवाल मोहल्ला), महाराणा प्रताप अखाड़ा (मेन रोड), शिवाजी अखाड़ा (बलिसाह लेन), शिव शांति संघ (नगवा), रामनवमी पूजा समिति (सहिजना), रामदूत अखाड़ा (नवालदा मोड़), जय मां गढ़देवी अखाड़ा (गढ़देवी मंदिर), श्री राम मंदिर अखाड़ा (टंढवा देवीधाम), हनुमान शिव मंदिर अखाड़ा (मेन रोड टंडवा), अयोध्या नरेश अखाड़ा (कल्याणपुर), राजकमल संघ (कलवार मोहल्ला), पवन पुत्र अखाड़ा (मदरसा रोड सोनपुरवा), संपूर्ण हिंदू संघ (नाहर रोड) और जय भवानी गढ़देवी अखाड़ा (गढ़देवी मोहल्ला) ने भाग लिया। इन अखाड़ों ने अपने कौशल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मौके पर शहर के विभिन्न संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर शहर के रंग का मोड और माझिया मोड पर बनाये गये मंच पर स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपयुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय,एसडीएम संजय कुमार माजूद रहे।

## राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन ने रामनवमी जुलूस में शरबत पिलाकर प्यार और एकता का संदेश दिया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले संगठन के सदस्यो ने राम नवमी के जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत और पानी पिलाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कर्पूरी चौक पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, समाजसेवी अख्तर अंसारी और अनिल चौबे ने मिलकर जुलूस में शामिल भक्तों को शरबत पिलाकर की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा कि गंगा-जमुना की तहजीब का एक हिस्सा यहां के लोग आपसी शांति और सौहार्द के साथ हर धर्म और समुदाय के पर्व को मनाते हैं। अख्तर अंसारी ने कहा कि यह आयोजन भाईचारे का प्रतीक है और हम सब मिलकर समाज में एकता और शांति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उल्फत अंसारी, एमडी आजाद अंसारी, अशरफ अंसारी, मीडिया प्रभारी एमडी ओस्ताज रजा, हस्ते आलम, मैनुद्दीन, कुर्बान, रेयाज, अजमेर अंसारी, फिरदोस खान और सैकड़ों अन्य मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## रंका में रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



रंका। रंका अनुमंडल मुख्यालय के श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर यज्ञ भूमि एवं बजनवा हनुमान मंदिर खरडीहा में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री रामनवमी पूजा समिति रंका के तत्वावधान में जय श्री राम के जयघोष के साथ घोड़े की रथ पर श्री राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान जी की भव्य झांकी निकाली गयी, जो श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर यज्ञ भूमि से चलकर एन एच 343 से होते हुए रंका चेक नाका से थाना मोड़ गया और ठाकुर बाड़ी प्रांगण से पुनः भ्रमण करते हुए रंका श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर यज्ञ भूमि पहुंच कर समाप्त हुआ।

## चैता दुगोला कार्यक्रम में जमकर झूमे लोग



विशुनपुरा। रामनवमी पर्व के अवसर पर सदर प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुरा विष्णु मंदिर परिसर में चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी और विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर व्यास मंगलम यादव व संतोष यादव के बीच चैता दुगोला का जमकर मुकाबला हुआ। दोनों व्यास ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि रामनवमी पर्व के दिन ही भागवान श्रीराम का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन काफी सराहनीय है।

# गढ़वा में रामनवमी झांकी में लगी आग झांकी जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार रात रंका मोड़ पर जय भारत संघ द्वारा निकाले गये रामनवमी जुलूस की झांकी में उस वक्त आग लग गयी जब पटाखा छोड़ा जा रहा था। चंद मिनटों में आग ने झांकी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जलकर खाक हो गया। झांकी के पास मौजूद युवकों की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। यवकों ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए लोगों को पीछे हटाया और आग को फैलने से रोकने की कोशिश की, जिससे कई लोग सुरक्षित निकल सके। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग ने झांकी को पूरी तरह तबाह कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी, डीसी समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# मां शायर देवी धाम महोत्सव : जय मां दुर्गा सह महिषासुर मर्दिनी का हुआ मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवा वार्षिक महोत्सव के आठवां दिन आजाद नवयुवक संघ छवआना टोला के कलाकारों द्वारा जय मां दुर्गा का संगीतमय नाटक का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। बच्चों को देवी-देवताओं की कथा की जानकारी तथा उनके अंदर संस्कारों के बीजारोपण के उद्देश्य से भरपूर, नाटक में दिखाया गया कि असुर महिषासुर कठिन तपस्या कर ब्रह्मा जी से वरदान पा लिया कि उसे कोई भी देव, दानव या नर मार नहीं सके। वरदान मिलने के बाद उसने स्वयं को अजेय समझकर स्वर्ग पर आक्रमण कर दिया। उसके शक्ति के आगे देवताओं की शक्ति कम पड़ने लगी और देवता स्वर्ग छोड़ कर भागने लगे, चारों तरफ त्राहि-त्राहि मच गया। तब ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शक्तियों से मां दुर्गा का अवतार हुआ। नौ दिनों तक युद्ध करने के बाद, मां दुर्गा ने महिषासुर का जैसे ही वध किया पूरा पंडाल मां दुर्गा के जय जयकार से गूंजने लगा। दुर्गा का शानदार अभिनय संदीप कुमार ने किया, इसी तरह महिषासुर का मुखिया पति मुन्ना राम, ब्रह्मा का विष्णुकांत प्रसाद, विष्णु का श्याम कुमार, शंकर का रमेश राम, नारद का सुनील कुमार, इंद्र का दामोदर राम, वरुणदेव का कृष्णा देव, वायुदेव का राहुल यादव तथा सहयोगी के रूप में नन्हू यादव, उपेंद्र शर्मा, अशोक राम, विद्या ठाकुर, अमरेंद्र राम आदि ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।

## बाइक दुर्घटना में युवती गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर। भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर भगवान घाटी के समीप बाईक दुर्घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल युवती श्रीबंशीधर नगर के रंजू कुमारी पिता अशोक विश्वकर्मा बताया जा रहा है। उसे ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।



मां शायर देवी धाम महोत्सव मेराल : सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित। महावीर मंडली बाजार टोला, आजाद नवयुवक संघ छुआना टोला तथा जय बजरंग ड्रामा पार्टी पूर्वारा टोला के प्रमुखों को उपहार में दिया गया दो-दो तलवार।

# स्कूल प्लस टू हार्मोनी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़गड़ (गढ़वा)। प्रखंड अंतर्गत सदर मुख्यालय बड़गड़ में सोमवार को नये स्कूल प्लस टू हार्मोनी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। प्रोपराइटर कुमार विवेक भवानी सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विद्यालय में प्रथम नामांकित बच्चे को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी प्रेमसागर जायसवाल, जिला परिषद सदस्य रुपांजली जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, परसवार मुखिया जंगलपति लकड़ा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पहले क्षेत्र के बच्चों को गढ़वा, डाल्टनगंज आदि जगहों पर रह कर पढ़ना पड़ता था। जिससे बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों पर काफी आर्थिक बोझ पड़ता था व परेशानी होती थी। प्रखंड मुख्यालय में सीबीएसई माध्यम के विद्यालय खुल जाने से अंग्रेजी माध्यम से बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी। विद्यालय के प्रोपराइटर कुमार विवेक भवानी सिंह ने बताया कि हार्मोनी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रथम सत्र में वर्ग -1 से लेकर वर्ग सप्तम तक की पढ़ाई शुरू की गयी है। बाद इसे अपग्रेड कर इंटरमिडिएट तक कर दिया जायेगा। बच्चों को पढ़ाई सीबीएसई अंग्रेजी पैटर्न से होगा। जिसमें विद्यालय कक्ष, स्कूल में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, विषयवार अध्ययन कक्ष व क्रिकेट और फुटबॉल के मैदान का निर्माण कराया जा रहा है ।

## स्वास्थ्य केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया





रंका (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जैसा आप जानते हैं पूरे विश्व में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने की। इस कार्यक्रम में डॉ असजद द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। और लोगों से अपील की कि हमेशा स्वस्थ रहने के लिए योग या व्यायाम करें। इस मौके पर एनजीओ चाइल्ड फंड और विकास परिवार के कॉर्डिनेटर एवं सदस्य भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डॉ इश्तेयाक, बीपीएम पंकज विश्वकर्मा बैम दिनेश गुप्ता एमपीडब्लू लाल मोहम्मद समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, लल्लन राम, एएनएम सनार्थी तोपनो और कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## जायंट्स 'आस्था' ने श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, चना, बुंदिया और सोनपापड़ी की व्यवस्था की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा 'आस्था' के तत्वावधान में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के शुभ अवसर पे जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा 'आस्था' के अध्यक्ष विराट राजा विश्वास की अध्यक्षता में जायंट्स आस्था के निर्देशक राजेश सोनी के आवास के सामने मेन रोड गढ़वा में स्टॉल लगा कर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतल जल, चना, बुंदिया, सोनपापड़ी का व्यवस्था किया गया। गढ़वा के सभी अखाड़ों से निकाले गये श्रद्धालुओ के लिए साथ ही सभी गढ़वा में उपस्थित सभी अखाड़ों के लिए जायंट्स आस्था का प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं सभी को शिल्ड दे कर सभी अखाड़ों के अध्यक्ष और मेंबर्स को सम्मानित किया गया। जायंट्स आस्था यह कार्यक्रम 2013 से लगातार करते आ रही है। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में जायंट्स गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी जी, पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, नंद कुमार गुप्ता, विजय केशरी, मनोज केशरी उपस्थित हुए।

## परसोडीह और लोहड़गड़ा में लगा पेंशन शिविर



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देश पर सोमवार को परसोडीह और लोहड़गड़ा पंचायत में सर्व जन पेंशन योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में परसोडीह एवं लोहड़गड़ा पंचायत के सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना का आवेदन जमा किये। जिसमें से परसोडीह पंचायत से 22 आवेदन एवं लोहड़गड़ा पंचायत के 20 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष सभी जमा आवेदन जांचोपरांत प्रखंड कार्यालय में जमा कराकर पेंशन पोर्टल पर इंट्री कराया जायेगा। उसके बाद योग्य लाभुकों के खाते में पेंशन की राशि जाने लगेगी। इस मौके पर मुखिया नीलम देवी, कलेंद्र पासवान,पंचायत सचिव आदित्य कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार,मुखिया प्रतिनिधि सियाराम शर्मा,पंचायत सहायक प्रियंका कुमारी, जितेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अनाथ बालक अतिराज का भविष्य सुधारेंगे पूर्व मंत्री मिथिलेश

### पूर्व मंत्री ने ली पढ़ाई की पूरी जिम्मेवारी, किया आर्थिक सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के इंदिरा गांधी रोड निवासी 12 वर्षीय अनाथ बालक अतिराज केशरी का भविष्य अब अंधकारमय नहीं होगा। उसके अंधकारमय प्रतीत हो रहे भविष्य में झारखंड सरकार पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नयी रौशनी भर दी है। रामनवमी के मौके पर श्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसकी पढ़ाई की जिम्मेवारी ले ली है। स्व. राजेश प्रसाद केशरी व स्व. जूली केशरी के पुत्र अतिराज के पूरी पढ़ाई का सारा खर्च पूर्व मंत्री श्री ठाकुर वहन करेंगे। रामनवमी के मौके पर मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर महावीर मंडल के मंच पर श्री ठाकुर ने यह घोषणा की।

महावीर मंडल के संरक्षक रहे राजेश प्रसाद केशरी के पुत्र अतिराज को रामनवमी के मौके पर मंच से सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को उसे सम्मानित करने के दौरान अतिराज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उसके माता पिता के नहीं होने की जानकारी मिलते ही श्री ठाकुर काफी व्यथित हो गये। उनकी आंखें नम हो गयी। उन्होंने बालक को गले से लगा लिया। तत्काल श्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसके पूरी पढ़ाई-लिखाई का खर्च स्वयं वहन करने की मंच से घोषणा की।

# शिक्षक और कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बीडीओ को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रखंड विकास पदाधिकारी सगमा को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपते संघ के लोग।

**सगमा।** झारखंड टीचर्स एंड एंपलाई फेडरेशन झारोटे फ (JHAROTEF) के आह्वान पर प्रखंड सगमा के शिक्षक और सभी विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण रैली का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सगमा को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। रैली बीआरसी सगमा से मुख्य बाजार होते हुए प्रखंड कार्यालय सगमा पहुंचकर चार सुत्रीय मांग सौंपी। इस मांगपत्र में अन्य राज्यकर्मियों की भांति शिक्षक सवर्ग को भी एमएसीपी का लाभ दिये जाने, सेवानिवृत की उम्र 62 साल किये जाने, केंद्र की भांति राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता दिये जाने, एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने जैसी मांगे शामिल हैं।

झारोटेफ के जिला उपाध्यक्ष सुनय राम ने कहा कि जब तक इन मांगों को नहीं माना जाता तब तक प्रांतीय निर्देशन में आंदोलन किया जायेगा। इसके प्रथम चरण में हमलोगों ने हस्ताक्षर अभियान के तहत पूरे राज्य से लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त हुआ है। अगला कार्यक्रम जिलास्तर का है, जिसमें सभी लोग अपना भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार साहू, विंध्यवासिनी कुमारी, निशा यादव, गणेश साव, इस्लाम अंसारी, रविरंजन कुमार, सीताराम जयसवाल, अनूप लाल यादव, देवनंदन प्रसाद, अजित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, सरोज कुमार, सतीश उरांव, रसीद जमाल आदि का नाम शामिल हैं।


झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका एवं पुराने कागजातों की निलामी हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

आयोग द्वारा ली गई विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका, आवेदन पत्र एवं अन्य विविध पुराने कागजातों की श्रेडिंग/कटिंग के उपरान्त नीलामी हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता आयोग के वेबसाईट से संबंधित निविदा संबंधी सूचना प्राप्त कर दिनांक–28.04.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा अवर सचिव (सामान्य), झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001 के पते पर हाथों–हाथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा को दिनांक–29.04.2025 के अपराह्न 03:00 बजे आयोग कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/– अवर सचिव (सामान्य),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची

PR 349852 Jharkhand Public Service Commission (25-26)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2025–26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 15.04.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 16.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 16.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *Construction of PCC road from Hostel Building to New Constructed Training Building at ,Gauriya karma ,Block-Barhi ,Dist- Hazaribag* | 701750/- | 15000/- | 1250/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 349855 Building(25-26)#D



झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0 01/2025–26

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना वर्ष 2025–26 अंतर्गत मत्स्य निदेशालय का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में राँची जिला में मेजर कॉर्प के मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक/मत्स्य स्पॉन उत्पादक से मुहरबन्द तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नामः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. **अग्रधन राशि** :– 1,50,000 रू0 (एक लाख पचास हजार) रू0 का जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा, राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–16.04.2025 को 2.30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का सीान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 16.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य–दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
राँची।

PR.NO.349851 Fish(25-26):D

# कैरो में भरत मिलाप सह शोभायात्रा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय गांव कैरो में सोमवार को बड़े धूमधाम के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा सह मेला का आयोजन किया गया। महावीर मंदिर के सामने से महावीर अखाड़ा कैरो तथा उतका से भी शोभायात्रा शुरू हुई और डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के सामने दोनों अखाड़ो के द्वारा राम और भरत का मिलाप कराया गया। अन्य अखाड़ों का मिलाप कराते हुए मुख्य पथ होते हुए अपने निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए कुडू, जिन्गी की ओर से आने वाली महावीर अखाड़ो का मिलान करते हुए मेला टांड वापस आयी। इस दौरान अखाड़ो में शामिल भक्तों ने गाजे बाजे के साथ नाचते गाते जय श्रीराम, जय बजरंगबली आदि का जयकारा लगाते हुए राम भरत का मिलाप कराया। विभिन्न क्षेत्रों से आये अखाड़ो के द्वारा अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया जिन्हें कैरो महाबीर मण्डल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को आयोजन समति के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# सरकारी, अर्ध सरकारी और दर्जा प्राप्त विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराया जाये : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार टाऊन हॉल में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नए सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत नामांकन/ पारगमन से संबधित प्राचार्य, प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक, वार्डन की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन एवं पारगमन 20 अप्रैल 2025 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



उपायुक्त ने सभी स्टेक हॉल्डर, प्रधानाध्यपक, सीआरपी/ बीआरपी, बीइओ/ बीपीओ को जिम्मेवारी से कार्य करने तथा सभी की जबाबदेही सुनिश्चित करते हुए कार्य का संपादन करने स्कूल टैगिंग, मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय निकटतम, वर्गवार ट्रांजीशन प्राथमिक कक्षाओ से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करते हुए उनके ठहराव एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेवारी दी गयी। उन्होंने सभी सीआरपी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों में स्वयं रुचि लेते हुए शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे तथा उक्त कार्य हेतु संबंधित कक्षावार प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करायेगें। समेकित प्रतिवेदन प्रखण्ड का प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। जिले में अवस्थित सभी कोटि के विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन/ पारगमन हेतु विद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक को अनिवार्य रूप से सहयोग प्रदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिशु पंजी अध्यतन किये जाने के दौरान संबंधित शिक्षक अपने टैग किये गये टोला मोहल्ला/ गांव के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करायेंगें एवं अनिवार्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अपना सहयोग प्रदान करेंगे। विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यपक प्राचार्य/ प्रभारी प्राचार्य, सीआरपी/ बीआरपी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यशाला में सीआरपी, बीआरपी, बीइओ, बीपीओ जिला कार्यालय के पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित रहे।

# जुबली चौक अखाड़ा ने झांकी और श्रीराम सेना धर्मपुर ने ताशा में जीता पहला पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा बाजारटांड मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों के कई अखाड़ों ने भाग लिया। उन्होंने अपने शस्त्र चालन कौशल से लोगों को प्रभावित किया। कई अखाड़ों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया। झांकी में संकट मोचन भवानी मंदिर जुबली चौक अखाड़ा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। अखाड़ा के सचिव प्रदीप प्रसाद, सीतेश कुमार, अजय कुमार, नीतेश कुमार आदि ने पुरस्कार ग्रहण किया। पूर्व मंत्री सह महासमिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने पुरस्कार वितरण किया। झांकी में अंबाकोठी अखाड़ा को दूसरा तथा श्रीराम सेना धर्मपुर अखाड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ताशा में पहले स्थान पर श्रीराम सेना धर्मपुर अखाड़ा और दूसरा पुरस्कार जुबली चौक अखाड़ा ने जीता। श्रीराम सेना धर्मपुर की ओर से अध्यक्ष बॉबी कुमार, महामंत्री अनिल प्रसाद, संरक्षक, अनिल सिंह और कई लोग मौजूद थे

# भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित : मनीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा ने सोमवार से जिले में स्वच्छता को लेकर एक विशेष अभियान की शुरूआत की, जिसकी पहली कड़ी ऐतिहासिक देवस्थाल सूर्य मंदिर प्रांगण की सफाई से हुई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है, बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नींव रखना भी है। यह अभियान 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक जिलेभर के मंदिरों, मठों, अस्पताल परिसरों, तालाबों, नदियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों जिला, मंडल, बुथ स्तर तक से अपील की कि वे इस अभियान को पूरी गंभीरता से लें और इसे जनसहभागिता से सफल बनायें। जिला महामंत्री पशुपति पारस ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि संस्कार और समाज के प्रति सेवा भाव है। सफाई अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूर्य मंदिर परिसर की सफाई कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी ने मिलकर झाड़ू थामा, कचरा उठाया और मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है।

# बाइक से गिरकर युवक घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा सिसई मुख्य पथ के पहरकेसा पलमी सीमांत पर बीती देर रात सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने घायल युवक को सड़क पर पड़ा देख 108 वाहन से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचया। घायल की प्राथमिक उपचार कर चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया। घायल की पहचान भौरो पतराटोली निवासी 32 वर्षीय मनीष उरांव के रूप मे हुई। बताया जाता है कि मनीष अपने बाइक से देर रात सिसई से अपने घर लौट रहा था इसी बीच पलमी पहरकेसा सीमान पर बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे मनीष बुरी तरह घायल हो गया। रात भर सड़क मे घायल पड़े रहने के बाद सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ने के बाद स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

# बच्चे और माता के अच्छे स्वास्थ्य के लिए डाक्टरों की सलाह जरूरी : डॉ गणेश प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद एवं उर्सुला हॉस्पिटल लोहरदगा की डॉक्टर आइलिन कुजूर ने किया। डॉ गणेश प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल 2025 को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस वर्ष भर चलने वाले मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य एवं कल्याण के अभियान की शुरूआत है। इस वर्ष का थीम 'स्वस्थ शुरूआत, आशा पूर्ण भविष्य' है।




स्वास्थ्य की शुरूआत माता के गर्भधारण से ही प्रारंभ हो जाती है। बच्चे और माता के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता और डाक्टरों की सलाह का पूरी तरह पालन करना जरूरी है। स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक तीनों तरह का स्वास्थ्य का समावेश है। हम सभी जन जागृति के माध्यम से इस अभियान को पूरा कर सकते हैं। डॉ आइलिन ने बताया कि जिस तरह मकान का नींव महत्वपूर्ण है, बचपन के स्वास्थ्य पर ही भविष्य का स्वास्थ्य निर्भर करता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वरीय सदस्य संजय बर्मन ने सादरी भाषा में छात्रों को चर्चा में शामिल करते हुए समझाया कि स्वच्छता कैसे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार ने इस अवसर पर छात्रों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। समिति के कोषाध्यक्ष सह विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया।

# भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में चैती दुर्गा पूजा का त्योहार हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। शहरी क्षेत्र के बाबा मठ परिसर में स्थापित भव्य पंडाल में माँ दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। रविवार को महानवमी की पूजा अर्चना के बाद हवन पूणार्हुति दी गयी। इसके बाद सोमवार को मां की प्रतिमा का विसर्जन पूरे भक्तिभाव और पूजा-अर्चना के साथ की गयी। लोगों ने नम आँखों से मां आदिशक्ति को विदा किया। इस दौरान महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद मां की प्रतिमा को लेकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में नदी तालाबों तक ले जाया गया। जहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जन किया गया। यात्रा में शामिल हुए लोगों ने गुलाल उड़ाकर नवरात्रि के त्योहार की खुशी का इजहार किया। इसके पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों और बड़े-बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को पूजा की बधाई दी।

# भैसमुंदो गांव में सरहुल महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के भैसमुंदो गांव मे सोमवार को सरना स्थल में सरना समिति की ओर से सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि मुखिया परमेश्वर महली, विशिष्ट अतिथि पंसस अनीता पन्ना का स्वागत किया गया। यहां मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मांदर की थाप पर नृत्य किया गया। मौके पर मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि सरहुल का त्योहार हमें प्रकृति की रक्षा करते हुए मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़े रहने के लिए जरूरी है कि हम सरहुल पर्व की महत्ता से अवगत हों। यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान धरती पहान, सारू उरांव, चेंगे उरांव, सूरज उरांव, दिनेश उरांव, दुर्गा महली, मधुसूदन सिंह, अर्जुन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हाथी के भय से रतजगा करने को विवश ग्रामीण

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा के गडरपो गांव में विगत रात एक जंगली हाथी के आने से भयभीत ग्रामीण रातभर जागने को विवश हुए। ग्रामीणों ने बताया कि यह वही हाथी है जो रविवार रात सिसई के छारदा गांव स्थित पतरा जंगल के समीप दो लोगों को कुचल कर मार डाला। इससे ग्रामीणों में उक्त हाथी को लेकर दहशत व्याप्त है। हाथी द्वारा गांव के लुथुर उरांव के ईख को काफी नुकसान पहुंचाया। गांव में हाथी को देखे जाने के बाद लोगों ने मशाल आदि के सहारे हाथी को भगाने का प्रयास किया। लेकिन हाथी इख खेत में ही डटा रहा। अहले सुबह हाथी स्वयं गांव से बाहर चला गया। ग्रामीण फिलहाल ओलावृष्टि के तबाही से उबर नहीं पाये हैं। उक्त प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त घरों को ठीक करने में लगे हैं। ताकि घर रहने योग्य बन सके। इस स्थिति में हाथी के आने से लोग भयग्रस्त हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राजकमल मिश्रा और डालसा सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के किस्को मोड़ के समीप स्थित गुरूकुल शांति आश्रम परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग शुरू करने से पहले पीएलवी गौतम लेनिन ने बताया की जीवन में सबसे बड़ा धन हमारा स्वास्थ्य है। जिसे हमें सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। प्रतिदिन हमें अपने स्वास्थ्य के लिए एक घंटा कम से कम निकालना चाहिए। शरीर के अनुरूप हमें प्रतिदिन कसरत करना चाहिए। ताकि हमारा तन मन दोनों ही स्वस्थ और सक्रिय



रहें। इस मौके पर अधिवक्ता सुदामा साहू ने कहा की हम प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाते हैं। ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। इन्होंने कहा की यह जरूरी नहीं की आप प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा समय तक कसरतें करें। हम तभी एनर्जेटिक रह सकते हैं जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। गुरूकुल में प्रतिदिन योग इसलिए कराया जाता है कि यहां पढ़ने वाले बच्चें मानसिक और शारीरिक रूप दोनों से स्वस्थ और मजबूत रह सके। इस मौके पर योगाचार्य शरद चन्द्र आर्य के द्वारा बच्चों को योग शीर्षासन, चक्रासन, पद्मासन, वृश्चिकासन, धनुरासन, उत्तनापदासन, मयूरासन, वक्रासन कराया गया। साथ ही इन बच्चों से अपील की गयी कि योग के बारे में अपने गांव के लोगों के साथ साथ परिवार के लोगों को भी जागरूक करने का काम करें। ताकि वो स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# गारू में जय भवानी क्लब ने निकाली रामनवमी शोभायात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू।** जय भवानी क्लब के द्वारा के द्वारा भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गयी, शोभा यात्रा मुख्य बाजार होते हुए आखाड़ा पहुंचा जहां कलाकारों ने एक से एक करतब दिखाये। इस दौरान जय श्री राम के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। अच्छे प्रदर्शन करने वाले लोगो की खूब सराहना हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम सीता, लक्ष्मण और हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। पुरे नवरात्र के दौरान पाठ का आयोजन किया गया था। शोभा यात्रा के दौरान थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास अपने दल बल के साथ गस्त कर रहे थे। शोभा यात्रा को सफल बनाने में अध्यक्ष चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष बृजकिशोर यादव, सचिव कुणाल किशोर, अंकित कुमार, राहुल कुमार, आकाश कुमार, मनीष कुमार, पवन प्रसाद, सुजीत प्रसाद, गोवर्धन प्रसाद, अजय यादव मुख्य रूप से शामिल थे।

# कौमी एकता मुल्क की ताकत : सद्भावना मंच



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** थाना मोड़ के पास सद्भावना मंच के बैनर तले रामभक्तों के बीच चना, गुड़ और पानी का वितरण किया गया। साथ ही समाज के लोगों से समाजिक सद्भावना बरकरार रखने की अपील की। सद्भावना मंच के सदस्य जावेद अख़्तर ने कहा कि कौमी एकता मुल्क की ताकत है जुबैर अंसारी ने कहा कि त्यौहार हमें एकता, भाईचारा का संदेश देती है। मौके पर इमरान खान, बासुदेव उरांव, अमित कुमार, सनाउल्लाह अंसारी, अनवर अंसारी, अंतरिक्ष भगत, रवि शंकर, सतीश कुमार, मंसूर, वलीउल्लाह मौजूद रहे।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा बरवाडीह, अखाड़ों ने निकाली झांकियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रामनवमी के पावन अवसर पर बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी शिव मंदिर, पंचमुखी मंदिर, आदिशक्ति महावीर मंदिर बस स्टैंड, सरईडीह मंदिर सहित दर्जनों मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गयी। वहीं दूसरी और तिरंगा क्लब बभन्डीह, पहाड़ी शिव मंदिर, चमरडीह हनुमान मंदिर, पंचमुखी मंदिर, बस स्टैंड आदि शक्ति महावीर मंदिर, गढ़वाटाड़, खुरा, बभनडीह, पुरानी बस्ती आदि अखाड़े से महावीर झंडा के साथ जुलूस निकाला गया। कई



अखाड़ों की ओर से भव्य झांकी भी निकली गयी श्रद्धालुओं को झांकी आकर्षित कर रहा था। महावीर झंडा जुलूस विभिन्न निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए बस स्टैंड आदिशक्ति महावीर मंदिर पहुंचा यहां सभी अखाड़ों के महावीर झंडों के साथ मिलान हुआ। रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपत्र कराने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष चौकसी भी बरती गयी। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती भी की गयी थी। बभनडीह तिरंगा क्लब रामनवमी पूजा समिति की ओर से दोपहर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## झांकी में दिखा बनारस के मणिकर्णिका घाट का दृश्य

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के पावन अवसर पर जब संपूर्ण नगर प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा था। वहीं आदिशक्ति महाबीर मन्दिर के समीप बस स्टेंड परिसर में पंचमुखी शिव मंदिर से निकाली गयी अदभुत झांकी बनारस के मणिकर्णिका घाट का दृश्य देखने को मिला। बेहतर झांकी के प्रदर्शन को लेकर आदिशक्ति महाबीर मंदिर समिति ने पंचमुखी शिव मंदिर कमिटी को अतिथियों के हाथों प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करने का किया। वहीं झांकी का मुख्य उद्देश्य जीवन क्षणभंगुर है,



और राम नाम ही अंतिम सत्य है। पंचमुखी शिव मंदिर बाजार से निकाली गयी अदभुत झांकी लोगों के दिलों को छू गया। इस भव्य झांकी में भगवान महाकाल की रौद्र और करुणा से भरी झलक दिखाई गयी। जैसे ही झांकी नगर भ्रमण पर निकली, घंटियों की ध्वनि और 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंज उठें। इस झांकी में महाबली हनुमान, शंकर पार्वती और राधाकृष्ण समेत कई भव्य रूप देखने को मिला। पंचमुखी कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस बार महाकाल की झांकी में उनका रौद्र रूप दिखाने का कार्य किया है।

# विश्रामपुर में रामनवमी जुलूस पर मुस्लिम समाज ने बरसाये फूल

## राम दरबार की झांकी और वानरी सेना रहे आकर्षण के केंद्र, सुरक्षा चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में सोमवार को रामनवमी का जुलूस दसवीं को निकाला गया। जिसकी शुरूआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से हुआ। रामनवमी जुलुस गढ़ मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, अंजान शाहिद देव स्थल, बाजार मुहल्ला, बस स्टैंड, सोरडीह से होते हुए स्थानीय डाक बंगला परिषर पहुंच कर संपन्न हुआ। जुलूस में राम भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी थी। जुलूस में पांडेपुर, कबिलासी, उरसुला, झगरुआ, बरसैता, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर, पाचघरा, हरहेपा, बघमानवा और कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिषर में हुआ। जुलूस में राम दरबार की झांकी और वानर सेना का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। इधर, जुलूस जैसे ही दर्जी मुहल्ला पहुंचा, वहां मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामभक्तों पर फूलों की वर्षा की। साथ ही हाजी तस्लीम सौदागर ने सभी गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधि व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रसाशन और पुलिस निगरानी करती रही। इधर, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था। वहीं, जुलूस के दौरान विश्रामपुर स्टार युवा क्लब, स्वर्णकार संघ एवं मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की ओर से स्टॉल लगाकर राम भक्तों के लिये शरबत-पानी और अल्पहार की व्यवस्था की गयी थी। जुलूस में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, संत पॉल के निदेशक एसएम एस्ले, पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डु, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, गोपाल राम, डॉ बीपी शुक्ला आदि शामिल थे।



रामनवमी के जुलूस में शामिल रामभक्त।

### जय श्री राम के जय घोष से गूंजा सतबरवा

**सतबरवा/पलामू ( आजाद सिपाही)।** रामनवमी त्योहार सतबरवा में धूमधाम से मनाया गया। महावीर चौक, काली मंदिर मेलाटांड़, बांके बिहारी मंदिर बस स्टैंड और रामघाट आदि जगहों पर राम दरबार और वीर बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जहां विधिवत पूजा और हवन के बाद नवमी को प्रतिमा महावीरी पताका और डीजे के साथ सभी अखाड़ा के सदस्यों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जुलूस बस स्टैंड रामघाट मेलाटांड़ से आकर महावीर चौक पर सभी अखाड़ा के लोगों ने झंडों का मिलान किया, इसके बाद रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग होते हुए मेलाटांड़ काली मंदिर के प्रांगण में जुलूस पहुंची। इस दौरान पारंपरिक हथियार लाठी तलवार भला से जुलूस में शामिल लोगों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। जुलूस मस्जिद मोहल्ला में पहुंचने के बाद भगवान श्री राम की आरती की गई और प्रसाद भी वितरण किया गया।

## सनातनियों को डराने वालों की खैर नहीं: डॉ शशिभूषण



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी में रामनवमी पर पूरा क्षेत्र राममय हो गया। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता विभिन्न जगहों पर बतौर मुख्यतिथि शामिल हुए। तरहसी प्रखंड के प्रसिद्ध मेला झालखंडी और पांकी सिचाई विभाग के मैदान के अलावा भगत सिंह चौक प्राचीन हनुमान मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इधर, सिचाई विभाग के मैदान में रावण का पुतला दहन किया। जिसमें विस के पूर्व प्रत्याशी लालसूरज, रंजन यादव, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता भी शामिल हुए और अपने विचार रखे। इस दौरान विधायक ने कहा कि रामनवमी पर्व सनातन को मजबूत बनाता है। यह पर्व हम सभी प्रतिवर्ष नवमी के दिन मनाते है। इस प्रकार की परंपरा सनातन धर्म को और मजबूत बनाती है। कहा कि सनातनियों को जो डरायेगा उसकी खैर नहीं। सभी जगहों पर कमेटी के लोगों ने विधायक को चुनरी और फूल माला देकर स्वागत किया। शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पूजा सम्पन्न को लेकर थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व मे जगह- जगह पर पुलिस जवान तैनात किए गए थे। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा जयकिशोर प्रसाद, अजय कुमार सिंह, मुखिया पति अनुज सिंह और रोशन सिंह आदि उपस्थि थे।

## रामनवमी पूजा और मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने संयुक्त रूप से किया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर रामनवमी पूजा समिति और मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने सोमवार को नप मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों सहित गणमान्य लोगों को पगड़ी पहनाते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं रामनवमी पूजा समिति ने भी मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सभी सदस्यों समेत अतिथियों को सफा बांधकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश मार्शल और संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि एवं मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के शमशेर आलम ने किया। इस अवसर पर आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि दोनों समुदाय ने मिलजुलकर ना सिर्फ लोगों को सम्मान दिया, बल्कि वर्षों से आ रही गंगा जमुनी तहजीब को भी जीवंत रखा है। वहीं, एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने कहा कि यहां के लोग जिस तरह से एकता व मिल्लत का मिसाल कायम किया है,वहीं सराहनीय है। मौके पर बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान,थाना प्रभारी सौरभ चौबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, बसपा नेता गोपाल राम, ऋतुराज मिश्रा, इदरीश हवारी, संजय पांडेय, साइमन मैथ्यू एस्ले, डॉ बीपी शुक्ला, संजय बैठा, पेंटर जिलानी, सतीश चौबे, सत्येंद्र यादव, मुंशी गुप्ता, राजन पांडेय, अजय बक्श राय, संजय मेहता, डॉ इलहाक, डॉ मनोज थॉमस, ओम प्रकाश गुप्ता, सुनील कुमार चौधरी, देवनाथ यादव, मुन्ना यादव, सत्यम सोनी, मजमूदीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से युवक की मौत, पिता भी झुलसे



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय में स्थित कार सर्विसिंग सेंटर के प्रोपराइटर प्रदीप पाठक (30) की मौत करंट लगने से हो गयी। घटना सोमवार की दोपहर घटित हुई। जानकारी के अनुसार प्रदीप पाठक सर्विसिंग सेंटर में कार वासिंग के लिये मोटर का स्विच ऑन करने गये। तभी एक नंगे तार की चपेट में आ गये। प्रदीप को बचाने गये उनके पिता श्याम किशोर पाठक भी घायल हो गये। दोनों को विश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप को गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## हिंदूवादी संगठनों ने छोटू एवं विनोद को किया नमन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हिंदूवादी संगठनों ने 19वीं पूण्य तिथि पर छोटू साव और विनोद यादव को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों के पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया गया। बतातें चलें कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव और विनोद यादव की मौत हो गयी थी। तब से हिंदूवादी संगठन प्रति वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है। सोमवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रधांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पंकज कुमार लाल ने किया। मौके पर राजकुमार मेहता, मुन्नू बक्सराय, शशि रंजन ठाकुर, स्व छोटू साह के पिता राजू साह, कुकू पासी, अमृतेश्वर दयाल, राघवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी जुलूस पर लोगों ने घरों से की पुष्प वर्षा

- जुलूस में शामिल हुए 37 अखाड़ा मंडल समिति के लोग
- एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन रहा मुश्तैद



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र सोमवार को भी जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस दिन निकाले गये जुलूस में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 37 अखाड़ा मंडल समिति के लोग शामिल हुए। इससे पहले दोपहर 12बजे से लोगों का हुजूम शहर के महावीर जी मंदिर परिसर के पास जमा होने लगा था। वहां से महावीर मंडल समिति के तत्वाधान में शंखनाद से रामनवमी जुलूस का शुभारंभ हुआ। जिसके स्वागत में शहर के कई घरों के छतों से लोगों ने पुष्प वर्ष की। गांधी चौक के समीप कई अखाड़ो का मिलान हुआ। जिसमें पुरानी बाजार, मोकबरा रोड, कुर्मी टोला, रविदास नगर, जपला चौबे, मोहम्दाबाद, दीवान बीघा, पचंबा, बैरवा, महूअरी, कनुआ बिगहा, जपला धरहरा, देवरी, मेंहदीनगर, बसारी, लोचन सावपुरानी ठाकुर बाड़ी आदि अखाड़ा समिति के लोग शामिल हुए। इसके बाद जुलूस अपने निर्धारती रूट, मोकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, राज टोली चौक, इस्लामगंज चौक, मुख्य बाजार होते हुए जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ के पास पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस का नेतृत्व रामनवमी पूजा समिति के संयोजक लोकनाथ केशरी, जिला संघचालक दिनेश कश्यप, संतोष कश्यप, गौतम पटेल, श्रवण अग्रवाल, शिवपूजन चौधरी, राकेश तिवारी, सचिन आनंद, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र पाल, संतोष कश्यप, बिक्कु कश्यप, पंकज गुप्ता, उदय विश्वकर्मा ने किया। इस शोभा यात्रा में विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह, समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रवींद्र कुमार उर्फ बबलू सिंह, युवा राजद नेता रवि यादव, विनय सिंह यादव, भाजपा नेता सूर्या सोनल सिंह, अजित सिंह, चंदन सिंह, डॉ शिव प्रसाद मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, रामेश्वर राम, उषा देवी आदि शामिल थे। दूसरी ओर, शोभायात्रा के दौरान स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, के रूप को धारण किया था। वहीं, जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, सीओ पंकज कुमार,बीडीओ सुनील वर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई बीरेंद्र मेहता, धर्मेंद्र सिंह आदि सक्रिय रहे।

# जान जोखिम में डाल सड़क पार कर स्कूल जाने को बच्चे विवश

## विद्यालय निर्माण कार्य में संवेदक की लापरवाही, अधिकारी मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत ढाब राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे जान जोखिम में डालकर सड़क पार करने पर विवश हैं। फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान उक्त विद्यालय के आधे से अधिक कमरे को तोड़ दिए जाने के बाद नए भवन बनने तक विभाग की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था में एनएच के दोनों छोर पर विद्यालय संचालन कराया जा रहा है। सड़क के दोनों छोर पर विद्यालय संचालन होने से शिक्षकों को भी काफी जिम्मेवारी बढ़ गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्जुन राम ने बताया कि विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक 359 से भी अधिक बच्चें हैं। जिसमें पांच वर्ष से लेकर दस साल के करीब 250 बच्चों की संख्या है। दो साल से अधिक बीत गए पर अब तक विद्यालय भवन निर्माण नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि फोरलेन सड़क के दोनों ओर ढाब गांव बसा है और दोनों छोर के बच्चें सड़क पार कर पढ़ने आते हैं। सड़क पार करने के दौरान अनहोनी घटनाओं को लेकर बच्चों के साथ अभिभावकों में भी भय बनी हुई है। हाल ही में एक महिला की सड़क हादसे में मौत ने लोगों को भयभीत कर दिया है। वहीं सड़क पार करने के लिए फूट ब्रिज का निर्माण भी नहीं कराया गया है।

### जिम्मेदार मौन

एनएच 139 फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान ढाब राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन तोड़े जाने के बाद 15 वें वित्त आयोग, जिला परिषद निधि अंतर्गत चार कमरे का भवन गांव से 500 मीटर की दूरी पर स्वीकृत कराई गई है। जिसका शिलान्यास 21 दिसंबर 2023 को किया गया। भवन निर्माण में संवेदक द्वारा धीमी गति से कार्य और निर्माण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप है। जिसका शुद्धि लेने वाला भी कोई नहीं है। वहीं भवन निर्माण विभाग के अधिकारी अनियमितता पर मौन साधे हुए हैं।

धनबाद की खबरें

# सिंगड़ा में पेयजल संकट के समाधान को लेकर नयी पाइपलाइन बिछाने का निर्णय

## रेलवे और पीएचइडी की संयुक्त टीम ने किया स्थल निरीक्षण

- आद्रा डीआरएम से स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र कार्य पूरा होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** सिंगड़ा पंचायत में उत्पन्न पेयजल संकट के समाधान को लेकर सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और रेलवे की संयुक्त टीम ने महुदा के पास स्थित पदुगोड़ा अंडरपास के समीप निरीक्षण किया। दोनों टीमों के अधिकारियों ने स्थल का मुआयना किया और जलापूर्ति बहाल करने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने बताया कि सिंगड़ा पंचायत में जलापूर्ति शीघ्र चालू करने के लिए यहां पर एक नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य के लिए स्टीमेंट तैयार किया जाएगा, जिसे आद्रा डीआरएम के पास भेजा जाएगा। डीआरएम से स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य 20 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, डीआरएम आद्रा से स्वीकृति मिलने में लगभग 10 दिन का समय लगेगा, जबकि कार्य पूरा करने में 20 दिन का समय होगा। इस तरह करीब 20 से 30 दिनों के भीतर सिंगड़ा पंचायत में पेयजल आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जब सिंगड़ा पंचायत में पेयजल संकट को लेकर मीडिया में खबरें प्रकाशित हुई थीं। इस मुद्दे को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने विधानसभा में उठाया था और सांसद ढुलु महतो ने अधिकारियों से जलापूर्ति शीघ्र बहाल करने की अपील की थी। इन प्रयासों के बाद आद्रा डीआरएम के निर्देश पर रेलवे और पीएचईडी विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता, मुकेश कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अंतर्गत किया जाएगा और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

## दीपक मिश्रा बने बीएमएस के क्षेत्रीय कार्य समिति के मंत्री

**कतरास (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय चिकित्सालय तिलाटांड में क्षेत्रीय अध्यक्ष राम जीत महतो की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय के 21 कर्मियों ने धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ में आस्था रखते हुए भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। वहीं, धनबाद कर्मचारी संघ के उप महामंत्री नवनीत सिंह, उपाध्यक्ष भौमिक महतो, क्षेत्रीय सचिव शिव शंकर गुप्ता की उपस्थिति में दीपक मिश्रा को क्षेत्रीय कार्य समिति के मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया। लगे हाथ कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय में कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष असीम कुमार मंडल, उपाध्यक्ष नागेश्वर लोहार, नंदलाल राणा, विजय बंसवाली एवं मिथुन राय, सचिव शैलेंद्र चंद्र दास, संयुक्त सचिव कुलदीप चौहान, सह सचिव अरविंद कुमार यादव, रामकुमार राम एवं विनोद कुमार हाड़ी, संगठन मंत्री बाबूलाल दास आदि शामिल हैं।

## कतरास कलाली फाटक के निकट बीसीसीएल कर्मी का शव बरामद



**कतरास (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत कलाली फाटक पेट्रोल पंप के निकट सोमवार को 56 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान बीसीसीएल कर्मी राजकुमार भुइंया के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। साथ ही संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। उधर, मृतक के दामाद रंजीत कुमार ने बताया कि राजकुमार कतरास क्षेत्र के एकीकृत वेस्टमोदीडीह केशलपुर सिम 2 कोलियरी के मैगजीन घर में बारूद भरने का काम करते थे। सोमवार की सुबह वह अपने ससुर को मैगजीन घर ड्यूटी पर छोड़ कर घर आया था। इसी बीच कतरास पुलिस से सूचना मिली कि ससुर फाटक के निकट बेसुध पड़े हैं। वह अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र और तीन बेटियां छोड़ गये है। वहीं, कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया में मौत का कारण कोई अंदरूनी बीमारी या लू लगना हो सकता है। मृतक कतरास गुहीबांध बस पड़ाव के पीछे लेटाइल धौड़ा का रहने वाला है। उसके दामाद ने शव देखकर पहचान की है। इसकी जानकारी बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के कोलियरी परियोजना पदाधिकारी मुरारी मोहन को भी दे दी गयी है।

## आइआइटी-आइएसएम धनबाद में सप्ताह व्यापी प्रबंधन विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विकेंद्रीकृत शासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद ने भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के साथ मिलकर एक सप्ताह व्यापी प्रबंधन विकास कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम टैक्समिन आईटूएच भवन के स्मार्ट क्लासरूम में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों ने भाग लिया। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से आए प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन आइआइटी-आइएसएम बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो प्रेम व्रत ने किया। जिन्होंने इफेक्टिव लीडरशिप पर भाषण दिया। उन्होंने गहन विद्वता के साथ ट्रांसफॉर्मेशनल 31 और ट्रांजेक्शनल लीडरशिप के सार को समझाया और विश्वास एवं विश्वसनीयता को उत्कृष्टता के अनुरूप संगठनात्मक संस्कृति बनाने में अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व एक कला है, जो व्यवहार को संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है। वहीं, आइआइटी-आइएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने नीति और तकनीक के बीच संबंध को रेखांकित किया और टेक्नोलॉजिस्ट एवं पॉलिसीमेकर्स के बीच गहरी सिंबायोसिस की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से इस एमडीपी को म्यूचुअल लर्निंग के एक मंच के रूप में अपनाने का आह्वान किया और अनुसंधान को विकसित भारत की राष्ट्रीय आकांक्षा को साकार करने का एक अहम साधन बताया। डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरेज कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम एकतरफा पेडागोजिकल एक्सचेंज नहीं है, बल्कि एक संवादात्मक प्रयास है, जिसमें अकादमिक जगत भी ग्रासरूट लीडर्स की बुद्धिमत्ता और जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय ने इस बात पर बल दिया कि विषयगत सेशंस के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवाद से फैकल्टी को प्रशासनिक दृष्टिकोण से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी। इस परिवर्तनकारी यात्रा की अगुवाई कर रही डीन ऑफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन प्रो रजनी सिंह और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ने एमडीपी के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। प्रो सुकुमार मिश्रा ने और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन ए पाथ टू विकसित भारत विषय पर विचार रखे। प्रो रजनी सिंह ने ब्रीद जिंग्स गैप्स थ्रू इफेक्टिव कम्युनिकेशन पर संबोधित किया। आगामी दिनों में यह कार्यक्रम कई विषयों को समेटेगा- टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस रूरल हेल्थ केयर इरिगेशन प्रोजेक्ट अप्रेजल फाइनेंशियल मैनेजमेंट और सबस्टेनबल डेवलपमेंट गोल्स 2030 में ग्राम पंचायतों की भूमिका जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। 11 अप्रैल को एक भव्य वेलेडिक्टरी सेशन के साथ संपन्न होगा, जिसमें रूरल स्किलिंग डिजिटल मार्केटिंग लोकल लाइवहुड्स और रेवेन्यू जनरेशन पर सत्रों के बाद, आईआईटी (आईएसएम) के प्रतिष्ठित एलुमनस और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के रजिस्ट्रार अमिताभ रंजन द्वारा डिस्कोर्स दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से आइआइटी-आईएसएम) धनबाद अकादमिक उत्कृष्टता, ग्रामीण परिवर्तन और सहभागी शासन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है।

### मुस्कान परवीन मौत के मामले में सैकड़ों ग्रामीण एसपी के पास पहुंचे, दिया आवेदन

# परिजनों पर लगाया हत्या का आरोप, जांच की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बसुआ गांव में हुए मुस्कान परवीन हत्याकांड को लेकर हर धर्म के लोगो मे अब भी गहरा आक्रोश है। इतना ही नही हत्याकांड के बाद पकड़े गये आरोपी प्रेमी को बगैर जांच पड़ताल किये बगैर जेल भेजे जाने के कारण उनमें खासा नाराजगी भी है। पूरे मामले को लेकर सोमवार को गांव के हर धर्म के सैकड़ो ग्रामीण हत्याकांड को ऑनर किलिंग करार देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर समाहरणालय परिसर स्थित एसपी कार्यालय पहुंचे थे। जिसके बाद एसपी ने ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल से अपने आवासीय कार्यालय में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंप कर मांगो पर विचार करते हुए कार्रवाई की मांग की। एसपी ने उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वाशन दिया।

एसपी को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि मुस्कान के साथ घटी घटना काफी निंदनीय है। इस घटना से सभी ग्रामीण काफी दुखी है। मृतिका गांव की बेटी थी। पुलिस प्रशासन अपना काम करे कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन दोषी किसी भी हाल में बचना नहीं चाहिए। परंतु निर्दोष भी जेल नहीं जाना चाहिए। मुस्कान हत्याकांड की घटना में उसके परिवार वालों पर ही संदेह होता है। जिसके कई कारण है। ग्रामीणों ने कहा कि 17 वर्षीय मुस्कान परवीन गांव के ही युवक सलमान आलम से प्रेम करती थी और उसी से वह शादी भी करना चाहती थी। मगर मुस्कान के परिवार वाले इस रिश्ते को पसंद नहीं करते थे और दूसरी जगह उसकी शादी ठीक कर दिया था। जबकि मुस्कान वहां किसी भी कीमत में शादी नही करना चाहती थी। इस बात को लेकर मुस्कान के परिवार वालों के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ करता था और लड़की के साथ काफी मारपीट भी किया जाता था। जिससे प्रबल संभवना है कि मुस्कान के परिवार वाले ही उसकी हत्या किये है और सक्ष्य को छुपाने की नियत से शव को तालाब में फेंक दिये थे। इसके बाद झूठा मन गढ़त आरोप लगाकर उसके प्रेमी को फंसा दिये है। वह अभी जेल में है।

ग्रामीणों ने आवेदन में आगे कहा है कि जिस रात 10 मार्च को मुस्कान के घर से लापता होने की बाद उसके पिता द्वारा बताया गया था कि उस रात को गांव के दो तीन आदमी को वे साथ में लेकर प्रेमी के घर में गये थे। तब उसे घर में सोया हुआ पाया गया था। इधर 14 मार्च को मुस्कान का शव मिलने की सूचना पर सभी ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे थे।

इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा जब पुलिस प्रशासन से बोला गया था कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी किसी भी हालत में नहीं बचना चाहिए। तब इस बात को लेकर मुस्कान के परिवार वाले ग्रामीणों से उलझ गये थे। साथ ही गाली गलोज और मार पीट पर उतारू हो गये थे। ग्रामीणों ने आगे कहा कि संदेह का सबसे कारण जब किसी के घर मे उसके जवान बेटी की मृत्यु हो जाये उसके दूसरे दिन बेटी के पिता द्वारा दो बोरी सीमेंट ले जाकर घर पर कुछ काम कराया गया। साथ ही घर का रंग रोगन भी कराया गया। इससे साफ जाहीर होता है की उनके द्वारा किसी साक्ष्य को छुपाने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणों ने आवेदन के साथ चैटिंग की कॉपी भी एसपी को सौंपा है।

# दंपति के साथ मारपीट मामले की जांच के लिए हापामुनी गांव पहुंचीं आशा लकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के हापामुनी गांव निवासी अमरजीत भगत व उसकी पत्नी रानी उरांव के साथ पुलिस के द्वारा अभद्रता और मारपीट मामले को लेकर के एसटी आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा, जांच अधिकारी प्रदीप कुमार दास कानूनी सलाहकार शुभाशीष रसिक सोरेन के द्वारा पूरे मामले का अनुसंधान हापामुनी पहुंचकर किया गया। आयोग के टीम के द्वारा पुलिस के द्वारा मारपीट किये जाने और अभद्रता किए जाने को लेकर के अमरजीत से पूछताछ की गयी, पूछताछ में अमरजीत ने अपने साथ हुए पुलिसिया दुराचार के बारे में बताया और न्याय का मांग किया जिस पर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि पुलिस के द्वारा थाना में बेरहमी से पिटाई और अभद्रता गंभीर मामला है। हमारे देश के अनुसूचित जनजाति जाति के लोग अगर थाना जाते हैं और उनके साथ इस तरह से व्यवहार होगा तो निश्चित रूप से यह डर का माहौल बनाने जैसा है। आज तक पुलिस के द्वारा इस पूरे मामले को लेकर के प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई किया जाना चाहिए था लेकिन नहीं किया गया जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है। इस पूरे मामले में हम लोग अनुसूचित जनजाति आयोग की तरफ से राज्य के डीजीपी और गुमला पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने के लिए निर्देश देंगे। इस मौके पर आशा लकड़ा के निजी सचिव कुशेश्वर साहू, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन, बीडीओ दिनेश कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, उपमुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, आशीष सोनी, अरुण साहू, राजेश पाठक, नीलेश पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

## चैती दुर्गा पूजा समिति ने बनतालाब में नव पत्रिका का किया विसर्जन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा देवी मंदिर परिसर से नव पत्रिका विसर्जन हेतु आचार्य पंडित हरिशंकर मिश्रा, पंडित नीरज मिश्रा एवं पंडित प्रमोद मिश्रा के सानिध्य में समिति के सभी सदस्यों के साथ सोमवार की सुबह 10 बजे बन तलाव पहुंचकर 9 पत्रिका विसर्जित किया गया। इस बार 30 मार्च से 6 अप्रैल नवमी तक विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गयी। शास्त्रों के अनुसार सदस्यों के द्वारा 9 दिनों तक विधि विधान के साथ मां की पूजा अर्चना की गयी। इसके उपरांत मंदिर में स्थापित घटस्थापन के ज्वारो एवं मिट्टी के बर्तन को पानी में विसर्जित किया गया एवं मां से क्षमा याचना करते हुए अपने परिवार एवं देश दुनिया के सुख शांति की कामना की गयी। इसआयोजन में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, मुख्य संरक्षक संजीव उर्वशी, महेश गुप्ता, किशोर फोगला, राजीव कुमार, रामनिवास प्रसाद, रितेश कुमार, सुदेश सौरभ, विजय सोनी, शंभू नारायण चौरसिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम 11 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आगामी 11 अप्रैल को पूर्वाहन 11 बजे से बैठक होगी। यह बैठक स्थानीय परीसदन भवन के सभागार में आहूत की गयी है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की एवं जिला प्रभारी भूषण बाड़ा उपस्थित होंगे। पूर्वाहन 11:00 से जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीयों कीबैठक होगी। अपराह्न 12:00 से प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्षों की बैठक की जायेगी। तत्पश्चात अपराह्न 1:00 बजे से अग्रणी, मोर्चा, संगठन के जिला अध्यक्षों की बैठक आहूत की गयी है। अपराह्न 3:00 बजे से प्रेस एवं मिडिया कर्मियों के साथ वार्ता की जायेगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने दी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। इस स्थापना समारोह में जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। स्थापना समारोह के संयोजक भुपन साहू ने कहा कि 06 अप्रैल 1980 को मुंबई में अखिल भारतीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी नामक राष्ट्रीय पार्टी का गठन हुआ था। जिस समय इसकी शुरूआत हुई थी उस समय किसी ने परिकल्पना भी नहीं की थी कि एक दिन यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। लेकिन कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव ने भारतीय जनता पार्टी को आज विशाल बरगद की तरह सयोज दिया। स्थापना समारोह के संयोजक सत्यनारायण पटेल ने बताया कि प्रदेश संगठन के द्वारा श्रीरामनवमी पर्व के कारण 7 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस आलोक में सोमवार को ध्वजरोहन किया गया। पायल तिवारी ने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्र हित की बात करती है। भाजपा कार्यकताओं के लिए राष्ट्र और राष्ट्र का विकास सर्वपरि है। मौके पर जिला मंत्री संजय कुमार साहू, सविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, किशोर मिश्रा, युवा मोर्चा के संदीप कुमार, कौशलेंद्र जमुआर, कौशल सिंह, उपेंद्र साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटकीरी नवाडीह मोड के समीप अज्ञात बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से आरंगी बेल्हाटोली निवासी चरवा उरांव का घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं ग्रामीणों द्वारा सड़क पर मोटरसाइकिल गिरे हुए और व्यक्ति को मृत देखा। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर थाना चली आयी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चरवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव से बिशुनपुर लापू गांव जा रहा था। जहां नवाडीह मोड़ के समीप अज्ञात बॉक्साइट ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक चरवा भगत नीचे गिर गये। वही ट्रक उसके ऊपर से चढ़कर पार हो गयी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी।

## युवती से साइबर अपराधियों ने ठगे 30 हजार रुपये

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कृषि फसल बीमा की राशि भुगतान के नाम पर साइबर अपराधियों ने डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह बेलटोली निवासी मनिता कुमारी से 30 हजार 22 रुपये की ठगी कर ली है। इस संबंध में मनिता कुमारी ने सोमवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना प्रभारी को लिखित शिकायत की है। जिसमें कहा है कि सोमवार की दोपहर 12 बजे मेरी बड़ी दीदी के पास एक कॉल आया। और उसे फसल राहत बीमा का पैसा मिलने की बात कही इसके बाद मेरी दीदी ने मेरा नंबर उसे दे दिया। मुझे कॉल करने वाले ने अपना नाम गुरुदयाल उरांव बताया और कहा कि कृषि फसल बीमा पास हुआ है। वह उसके खाता की कुछ जानकारी मांगा और मनिता उरांव के बैंक आफ बडौदा शाखा से 15,011 रुपए करके दो बार कट गया। मनिता ने थाना प्रभारी से राशि की वापसी और साइबर अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## धोखाधड़ी की शिकार महिला को मंईयां सम्मान योजना और मनरेगा के पूरे पैसे वापस मिले



**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला अंतर्गत जारी प्रखंड में सामने आये धोखाधड़ी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई देखने को मिली। मीडिया और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के अनुसार, एक महिला मंईयां सम्मान योजना और मनरेगा जॉब कार्ड के तहत प्राप्त राशि की ठगी का शिकार हो गयी थी। मामले की जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रशासन और जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक हरकत में आये। उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बिचौलिये पर दबाव बनाया। इस दबाव का असर हुआ और बिचौलिए ने महिला के ठगी किये गये सारे पैसे वापस कर दिये। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा कि इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और यदि भविष्य में क्षेत्र में ऐसी कोई घटना घटती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं, बिचौलिए ने अपनी सफाई में कहा कि उससे यह गलती अनजाने में हुई और वह पीड़िता के सारे पैसे वापस करने को तैयार है। इसके बाद बिचौलिये ने जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को पैसे सौंप दिये। पीड़िता को उसके पूरे पैसे वापस मिल गये हैं और उसने इस मामले में किसी भी प्रकार की परेशानी न होने की बात कही है। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता का संदेश गया है।

# हापामुनि में छह दिवसीय मंडा मेला शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के हापामुनि गांव में 6 दिवसीय मंडा मेला भोक्ता प्रवेश के साथ शुरूआत हुई। सर्वप्रथम भोक्ताओं ने महामाया मंदिर का परिक्रमा किया इसके बाद शिवलिंग को पूरे विधि विधान के साथ मंडा मेल चबूतरा ले जाकर पूजा अर्चना किया। साथ ही भोक्ताओं के द्वारा एक बार बोल शिव मणि महेश का उद्घोष किया गया। पूजा समिति के संरक्षक अवध मनी पाठक ने कहा कि आज से 6 दिवसीय मंडा मेला की शुरूआत की जा रही है। यह परंपरा कई दशकों से चलते आ रही है। उक्त मंडा मेला में प्रत्येक दिन झांकी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही बच्चों के स्किल डेवलपमेंट को लेकर भी जानकारी उक्त कार्यक्रम में दी जायेगी। आगामी 11 अप्रैल की रात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूलकुंदी होगी। आगामी 12 अप्रैल को खोडहा नृत्य और शाम में भोक्ता झूलन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की जायेगी। अधिक से अधिक संख्या में आकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की बात भी कहीं। मौके पर उपस्थित लोगों में प्रोफेसर अवध मनी पाठक, नीलेश मणि पाठक, मुकेश मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, अजीत मनी पाठक, पुरुषोत्तम मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, भरत मिश्रा, आदित्य भगत, सुनील भगत, महादेव उरांव, प्रधान उरांव, अर्जुन साहु, रविंद्र महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ गुमला में 12 को

**गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 12 अप्रैल को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।**

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा का हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर 6 अप्रैल दिन रविवार 5:00 बजे मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला द्वारा हनुमान कार्यक्रम के तहत श्री नारायण श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का समापन महा आरती कर प्रसाद वितरण कर किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा सचिव ज्योति फोगला, पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, रूपा साबू ,श्वेता मंत्री उपस्थित थे। साथ ही कार्यक्रम में श्री नारायणी श्याम मंडल ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## जारी के बिछड़ा गांव में नहीं है सड़क



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी स्थित घने जंगलों के बीच में बसे बिछड़ा गांव है। जो जरडा पंचायत के अंतर्गत आने वाली 300 आबादी वाली गांव है। जिस गांव के ग्रामीण पक्की सड़क को लेकर आज भी आस लगाये बैठे हुए हैं कि आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद भी कभी ना कभी हमारे गांव में भी पक्की सड़क बनेगी और छोटे से बड़े गाड़ी गांव तक आया करेगी। लेकिन गांव के ग्रामीणों को क्या पता है। कि इस गांव पर सरकार अभी मेहरबान की मूड में नहीं है। जब सरकार मेहरबान होगी तब देखा जायेगा। इस गांव में करीब 32 परिवार निवास करते हैं और परसा गांव से 3 किलोमीटर की दूरी पर बिछडा गांव है। यही 3 किलोमीटर की दूरी ग्रामीणों को पैदल चलने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के ग्रामीण गांव में लगे जल मीनार से पानी पीते हैं। यदि जलमीनर खराब हो जाये तो पानी के लिए भी दर दर भटकना पड़ता है। गांव के करामदायल बैग, जोसेफ उरांव,जयमन तिग्गा,राजेंद्र नगेसिया, रामवीर टोप्पो, क्रिस्टोफर टोप्पो, जीतराम तिग्गा ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को लिखित आवेदन दिया गया ।लेकिन किसी ने शुद्ध नहीं लिया। चुनाव के वक्त प्रत्याशी गांव में आते हैं ।और अपने प्रति वोट देने की अपील करते हैं और कहते हैं कि चुनाव जीतते ही गांव की हर समस्या का समाधान कर देंगे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद अपना चेहरा तक गांव में दिखाना मुनासिब नहीं समझते हैं।

### भरनो के सीओ ऑफिस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# लंबित मामलों के तुरंत निपटारे का दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भरनो।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को अंचल कार्यालय, भरनो का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय में संचालित कार्यों की गहन व विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं इमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए दाखिल खारिज के लंबित आवेदन, भूमि सीमांकन, दर निर्धारण, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामले एवं अन्य मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण लंबित न रखे, प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नहीं है, तो आवश्यक रूप से कारण लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताये मामलों को रिजेक्ट न करें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय** **प्रपत्र संख्या—1**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**ई— निविदा**

निविदा संख्या :- **02/JMT/2025-26** दिनांक **07-04-2025**

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar ,Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. | **18305.22624** | **183.06** | **10,000/-** | 24 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :— | 17-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 22-04-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:— | 03-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई— गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :— | 05-05-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :— | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :— | ई0 अनुज कुमार सिन्हा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :— | 0800253646 0, Email -id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है।
- स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। कार्यादेश स्वीकृति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !**

**(ई0 अनुज कुमार सिन्हा) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।**

**PR.NO.349862 Drinking Water and Sanitation(25-26):D**

## सिंदुर खेल कर नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



राजगंज (आजाद सिपाही)। सिंदुर खेला और घट विसर्जन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा का सोमवार को समापन हो गया। सुबह 7.30 बजे महिलाओ ने पारंपरिक सिंदुर खेला कर नम आंखों से नवपत्रिका को विदाई दी। मां के जयकारे के साथ समिति के सदस्यों और महिलाएं धावाचिता नदी घाट पहुंच कर घट विसर्जन किया। घट विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण और ब्राह्मण भोजन कराया गया। महादशमी को कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की शुरूआत डंडिया नृत्य-संगीत के साथ होगी। इस कार्यक्रम के साथ ही सप्ताहव्यापी मेला में भीड़ जुटने लगेगी।

### पुरानी शत्रुता के चलते घटना को अंजाम देने की आशंका, एक हिरासत में

## कुमारधुबी स्टेशन के पास युवक की हत्या

- कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। रामनवमी की रात कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन के पीछे 35 वर्षीय एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने के बाद धारदार हथियार वार कर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान कुंदन रवानी के रूप में हुई है।



घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करती पुलिस।

### यह है मामला

रविवार की रात कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित एडमिनिस्ट्रेटिव भवन के पीछे बने हनुमान मंदिर के समीप रामनवमी के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद खिलाया जा रहा था। कुछ लोग वहां बज रहे गाना का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान कुंदन रवानी वहां पहुंचकर उस कार्यक्रम में शामिल हो गया। वह अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर शराब पीने लगा। इसी बीच कुछ लोगों ने धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर पाकर पहुंची चिरकुंडा पुलिस ने घायल अवस्था में उसे स्थानीय एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल से मृतक के खून के निशान सैंपल लेकर फॉरेंसिक जांच कराएगी। घटना के संबंध में जानकारी जुटाने में पुलिस जुट गई है। वहीं, आरोपी को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापामारी कर रही है। चिरकुंडा थानेदार रामजी राय ने बताया कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### वेदांता एल्युमीनियम ने सांस्कृतिक उत्साह के साथ उत्कल दिवस मनाया

## समारोह में पद्मश्री प्रमोद भगत और डॉ नृपराज साहू को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

झारसुगुड़ा। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने झारसुगुड़ा परिचालन में उत्कल दिवस को उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया, जिसमें ओड़िशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और दृढ़ भावना को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने राज्य के गौरवशाली अतीत और गतिशील वर्तमान का सामूहिक उत्सव मनाया। समारोह का मुख्य आकर्षण समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित करना था। पद्मश्री प्रमोद भगत, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित पैरा बैडमिंटन चैंपियन, और डॉ नृपराज साहू, संबलपुर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार। वेदांता के वरिष्ठ नेतृत्व की मौजूदगी में सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने पुरस्कार विजेताओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें ओड़िशा



के लोगों के लिए उत्कृष्टता और प्रेरणा का प्रतीक बताया। इस समारोह में प्रसिद्ध ओड़िया गायक शशांक शेखर और नव्या जैती के मनमोहक प्रदर्शन ने जान डाल दी, जिन्होंने शाम को भावपूर्ण संगीत से भर दिया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।इस कार्यक्रम में ओड़िशा की लोक कला और शिल्प कौशल का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। कर्मचारियों और उनके परिवारों ने झोटी चिता, रंगोली, पेंटिंग और क्षेत्रीय व्यंजन बनाने जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा कि उत्कल दिवस ओड़िशा की समृद्ध विरासत और स्थायी भावना का उत्सव है। वेदांता में, हम इस जीवंत भूमि और इसकी प्रेरक यात्रा का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। जैसा कि हम राज्य की पहचान को आकार देने वाली परंपराओं का सम्मान करते हैं, हम समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों के साथ मिलकर एक उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाम का समापन विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए एक सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच गर्व, भागीदारी और एकजुटता की भावना को और बढ़ावा दिया।

## तेलमोच्चो में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का विधायक ने किया उद्घाटन



महुदा (आजाद सिपाही)। तेलमोच्चो बाजार स्थित मुख्य मार्ग पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने सोमवार को किया। उन्होंने कहा कि तेलमोच्चो-राजगंज मुख्य मार्ग पर अब क्षेत्रवासियों को पेट्रोल और डीजल के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। यहां के लोग अब अपने वाहन में आसानी से इंधन भरवा सकेंगे। वहीं, पंप संचालक और विधायक प्रतिनिधि शिबु महतो ने कहा कि तेलमोच्चो पेट्रोल पंप पर यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें शीतल पानी, स्वच्छ महिला-पुरुष शौचालय, और बेहतरीन सेवा शामिल है। इसके अलावा, पेट्रोल और डीजल में कोई मिलावट नहीं होगी। शुद्धता के साथ इंधन उपलब्ध होगा। इस मौके पर मुखिया मीरा कुमारी, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, शिक्षक संघ के अंचल सचिव रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से मजदूर की मौत

- फैक्ट्री में काम करते समय हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले के कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के पंचमोहली पंचायत अंतर्गत बरडंगाल स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार की सुबह करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान जूनकुंदर निवासी ललन भुइंया के रूप में हुई है। उसे आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस नर्सिंग होम पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतक के पिता जूनकुंदर निवासी कुलेजन भुइयां



ने बताया कि बेटा प्रतिदिन की तरह सुबह काम करने फैक्ट्री गया था। उन्हें कुछ देर बाद सूचना मिली कि उनका बेटा अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि ललन की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि चार भाई-बहनों में ललन सबसे बड़ा था। उधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना के संबंध में एक अन्य मजदूर ने बताया कि सुबह ललन काम करने के लिए फैक्ट्री आया था। मिट्टी पिसाई करने के लिए जैसे ही वह लोहे की सीढ़ी पर चढ़ रहा था उसे करंट लग गया। सीढ़ी के पास से एक तार गया है। तार कटा रहने के कारण सीढ़ी में सट गया और पूरी सीढ़ी में करंट पैल गयी, जिस कारण घटना हुई है। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## आइडीएस ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आइडीएस) द्वारा रविवार को विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह मनाने के लिए आयोजित एक 'वॉकथॉन' में छात्रों सहित 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। 'हैप्पी माउथ, हैप्पी माइंड–वॉक फॉर अ कॉज' के नारे के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, साथ ही एक व्यक्ति के



समग्र कल्याण पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव को उजागर करना था। तीन किलोमीटर के मार्ग पर चलते हुए, संकाय सदस्यों, इंटर्न और कर्मचारियों सहित प्रतिभागियों ने मौखिक स्वच्छता, दंत रोगों की रोकथाम और नियमित दंत जांच के लाभों पर महत्वपूर्ण संदेश फैलाने वाले जानकारीपूर्ण पर्चे वितरित किये। रास्ते में छात्रों और इंटर्न ने लोगों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने के लिए 'फ्लैश-मॉब' भी किया। आइडीएस की डीन प्रो डॉ रुचि भुयान ने कहा कि वॉकथॉन ने सामुदायिक आउटरीच और स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा के नये नेतृत्वकर्ता बनाये गये संजय अग्रवाल



धनबाद (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच कोयलांचल शाखा के सत्र 2025-26 की वार्षिक आमसभा बैंक मोड़ स्थित कावेरी रेस्टोरेंट में हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष नीरज अग्रवाल और चुनाव पदाधिकारी के रूप में मौजूद निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल एवं सहायक मंत्री विकास पटवारी ने की। वर्तमान अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने कहा कि पिछले दो साल से हमारी टीम ने कई सामाजिक कार्य किये। जिस कारण शाखा को इन दो वर्षों में 34 प्रांतीय और छह राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्होंने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सत्र 2025-27 के लिए शाखा सदस्यों द्वारा मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांतीय पदाधिकारी के रूप युवा विकास एवं खेल के संयोजक बनने की खुशी में अंग वस्त्र देकर मान बढ़ाया। वहीं, बैठक में मौजूद सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से आगामी सत्र 2025-26 के लिए संजय अग्रवाल को अध्यक्ष, शिव शंकर चौधरी उपाध्यक्ष, प्रिंस कथूरिया उपाध्यक्ष, सुनीता अग्रवाल सचिव, विनीता अग्रवाल कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर निर्वतमान झारखंड प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रिंस कथुरिया, राधा कथुरिया, बबीता अग्रवाल, हर्षिता विलासिया, शीतल विलासिया, ललित अग्रवाल, किशन साह, राहुल मजरिया, अनूप अग्रवाल, रविंद्र चमरिया, राज खंडेलवाल, दीपक सिंघानिया, अमित जैन, रोहित मजरिया, शुभम तायल, राहुल कथूरिया, अंकित कथूरिया, शुभम मित्तल, आनंद खंडेलवाल और शाखा संरक्षक विष्णु भीमसरिया आदि मौजूद थे।

## ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, पति गंभीर

धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार के समीप सोमवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मृतका की पहचान बलियापुर निवासी अनिता देवी (34) के रूप में हुई है। इसी हादसे में उसका पति जग्गू टुडू गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक जग्गू टुडू पत्नी अनिता को लेकर टुंडी के वीरम पहाड़ी स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान ऊपर बाजार के समीप हाइवा ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद घायल दंपती को स्थानीय लोगों की मदद से शहीद



निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने अनिता देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति जग्गू टुडू की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि गोबिंदपुर में लगातार दुर्घटना हो रही है। यहां लगा ट्रैफिक लाइट भी सही से काम नहीं कर रहा है।

## एसओए होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट करेगा 'पखला महोत्सव' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पानी में धोए या हल्के किण्वित पके हुए चावल से बना पारंपरिक उड़िया व्यंजन 'पखला' नौ अप्रैल से शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन संकाय, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा यहां आयोजित किये जा रहे पांच दिवसीय 'पखला महोत्सव' का मुख्य आकर्षण होगा। सदियों से पूरे राज्य में सबसे लोकप्रिय व्यंजनों में से एक के रूप में जाना जाने वाला पखला पारंपरिक रूप से पूरे ओड़िशा में खाया जाता है, हालांकि इसके अनगिनत स्वास्थ्य




लाभों के कारण गर्मियों के दौरान इस प्रतिष्ठित व्यंजन की मांग बढ़ जाती है। इसे पुरी के भगवान जगन्नाथ मंदिर में देवताओं को भी चढ़ाया जाता है। यह व्यंजन, जिसने अब उच्च-स्तरीय रेस्तरां में भी अपनी जगह बना ली है, नौ से 13 अप्रैल के बीच प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच विभिन्न प्रकार के संगत व्यंजनों के साथ एसएचएम में परोसा जायेगा। एसएचएम के डीन प्रो सुशांत रंजन चैनी ने कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य राजधानी शहर के भोजन प्रेमियों के बीच स्वादिष्ट पारंपरिक और अद्वितीय ओड़िशा व्यंजन को लोकप्रिय बनाना है। आगंतुकों को यह व्यंजन, जिसे ठंडा करने वाला प्रोबायोटिक माना जाता है, ओड़िशा के गांव के माहौल में परोसा जायेगा। प्रो चैनी और अन्य संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में छात्र इस महोत्सव का आयोजन करेंगे, जो संस्थान की वार्षिक विशेषता बन गया है।

## रामनवमी अखाड़ा दलों ने जगह-जगह निकाला जुलूस, उमड़े लोग

### अतिथियों-गणमान्य लोगों को किया गया सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/तोपचांची। जिले में रामनवमी का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कई जगहों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शरबत-पानी की व्यवस्था की। इस दौरान मनईटांड में अखिल भारतीय किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर को पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बैक मोड में विश्व हिंदू परिषद ने भी सम्मान किया। इसके अलावा कुम्हार पट्टी, बरमसिया, महतो बस्ती, पुराना बजार, गोल घर, स्टील गेट, गोविंदपुर सहित दर्जनों अखाड़ा कमेटियों ने भी पगड़ी पहना कर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर रामनवमी कमेटी के रामचंद्र पंडित, अजय मंडल, अरुण मण्डल, रामेश्वर प्रसाद, लल्लू मलकार, नुनू मंडल, सुखदेव रवानी, शंभू साव, सुरेश सिंह, नरायण प्रसाद और उमेश साव आदि उपस्थित थे। वहीं, तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत अंतर्गत नरकोपी गांव में रामनवमी पर विशाल जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व दुमदुमी जागृति क्लब ने किया। बजरंगबली मंदिर से शुरु हुआ जुलूस विभिन्न रास्तों से होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। अखाड़े में खिलाड़ियों ने की हैरतअंगेज खेल दिखाये। जुलूस में समाजसेवी चुरामन महतो, रामचंद्र सिंह, सरयू प्रसाद महतो, कुलदीप प्रमाणिक, विनय प्रमाणिक, दयानंद प्रमाणिक, सदानंद महतो, नीरज प्रमाणिक, घनश्याम महतो आदि मौजूद थे। इसके अलावा धनबाद के जोड़ाफाटक में अखाड़ा मंच का उद्गाटन युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने किया। उन्होंने ने सुरक्षित और शानदार अखाड़ा के आयोजन के लिए कमेटी के जीरखान सिंह, जितेंद्र रजक सोनू गिरी, रणधीर मालाकार, सत्येंद्र मंडल, मनोज राय, हरि रजक, निर्भय को बधाई दी। साथ ही रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन सहित पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वहीं, पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स, श्री गुजराती अन्नपूर्णा सेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद, मारवाड़ी युवा मंच, श्रीश्री नवयुवक शक्ति दल आदि ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## विद्यालय से 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने को लेकर जागरूकता

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने सोमवार को झाडुडीह एवं कार्मिक नगर के विभिन्न विद्यालयों के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों पर कोटपा 2003 की धारा 6बी के अनुपालन के लिए निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया। इसमें झाडुडीह के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, गवर्नमेंट आइटीआइ, मध्य विद्यालय, कार्मल स्कूल एवं कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के आसपास कोटपा 2003 की धारा 6बी का उल्लंघन करते पाये गये दुकानदार को सख्त चेतावनी दी गई और विद्यालय से 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने का निर्देश दिया। अभियान में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, जिला एनसीडी कोषांग के उमा शंकर मंडल, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा आदि शामिल थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



धनबाद (आजाद सिपाही)। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा की ओर से मंडल के कुल 26 कर्मचारियों को मार्च 2025 महीने में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। इन कर्मचारियों ने धनबाद मंडल के विभिन्न खंडो में रेल फ्रैक्चर हॉट एक्सेल और संरक्षा संबंधी कार्यों का पता लगाया जिससे चलन में आने वाली समस्याओं दुर्घटनाओं समानताओं को टाला गया।

## किम्स ने विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवादाता

भुवनेश्वर। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने यहां विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 को कई प्रभावशाली कार्यक्रमों के साथ मनाया, जिसका इस वर्ष का विषय 'स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य' था। मातृ और शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) देखभाल और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने किया, जिसने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं और सेमिनार आयोजित किये और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता पर एक वीडियो जारी किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आइएपीएसएम) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का अंतिम दौर आयोजित किया गया, जिसमें



नेहा, मृत्युंजय और आयुष वाली टीम बी विजेता बनी और वेदांत, आयुष और अभ्रदीप वाली टीम डी प्रथम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में किम्स के प्राचार्य और डीन डॉ आरसीदास, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की एचओडी प्रो डॉ सोनाली कर और आइएपीएसएम विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रश्नोत्तरी 2025 के नोडल अधिकारी डॉ गीता चंद आचार्य उपस्थित थे। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्राचार्य प्रो डॉ अश्विनी कुमार, बाल रोग विभाग के एचओडी प्रो डॉ सेबरंजन बिस्वाल और प्रसूति और स्त्री रोग (ओ एंड जी) विभाग की एचओडी प्रो डॉ ज्योचनामयी पांडा ने भी इस समारोह की शोभा बढ़ाई। एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें डब्ल्यूएचओ ओड़िशा के टीम लीड डॉ निहार रे ने दिन के विषय पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया, जिसमें प्रारंभिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की महत्वपूर्ण भूमिका और जीवन में स्वस्थ शुरूआत सुनिश्चित करने से बेहतर दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणाम कैसे प्राप्त हो सकते हैं, इस पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ओ एंड जी विभाग के एचओडी ने गभार्धान से पहले जोड़ों की काउंसलिंग और सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया जैसे रोगों के लिए प्रारंभिक जांच पर जोर दिया, जो गर्भावस्था को प्रभावित कर सकते हैं।

# पुलिस हॉकी चैंपियनशिप शुरू, डीजीपी ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में ओड़िशा पुलिस द्वारा आयोजित 73वीं अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप-2025 का सोमवार को भुवनेश्वर के 7वीं बटालियन ग्राउंड में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में, डीजीपी ने सभी भाग लेने वाली टीमों, प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों, विशेष रूप से जल क्रीड़ा, निशानेबाजी और हॉकी में ओड़िशा की बढ़ती छवि पर प्रकाश डाला और खेल प्रतिभा को पोषित करने में ओडिशा पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र ने पद्म दिलीप तिर्की, लाजरस बारला, प्रबोध तिर्की, बीरेंद्र लाकड़ा और लिलिमा मिंज जैसे कई महान खिलाड़ीयों को पैदा किये हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओड़िशा और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया है, जिससे देश को अपार गौरव दिलाया है। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को मंजूरी देने और समापन समारोह में मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमति देने के लिए ओड़िशा के मुख्यमंत्री को विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया। चैंपियनशिप सात अप्रैल से 15 अप्रैल, 2025 तक भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होने वाली है। स्वागत भाषण अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) और आयोजन समिति के उपाध्यक्ष दयाल गंगवार ने दिया। अतिरिक्त डीजीपी (एसएपी) और समिति के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT | NET | JPSC | J-TET | C-TET | TGT | NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

RISING AUTO WHEELS PVT. LTD.
NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM
NOW AT BOOTY MORE
Starting Price 4.99 Lakh Only
LARGEST SHOWROOM OF JHARKHAND
09297928073/09153996278 sales@risingautowheel.com

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी थोक विक्रेता
CERTIFIED GEMS
कोकर तिरिल रोड, राँची
Contact Us : 7488705225, 7992284114

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633
!! ओम साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें ।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, राँची (झारखण्ड)

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us : 9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

उड़ान ई- रिक्शा
मो . 9234082690
ओम इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
हेहल अंचल ऑफिस के सामने, राँची
लक्ष्मी टावर, दुकान नं. 21 कोकर, राँची (झारखण्ड)

Mobile No.: 9608302205 PURE VEG
7th Bites
Live Veg Cake
Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

Life Style NEXGEN
Make Up Studio UNISEX SALOON
DISCOUNT 10% An all Service*
Contact Us : +91-6513166163, 9431101252, 8789333635, 7631001547
NILE COMPLEX, OLD H.B. ROAD, KANTATOLI, RANCHI

DARSANI ASTROLOGY
Dr. V. Shankar P.G अब आपके शहर में
कुंडली से जुड़ी समस्यायों का पूर्ण समाधान
ASTROLOGY
M.A, M. Phill & Astrology, PhD
परामर्श शुल्क - 2100
नम्बर लगवाने सप्ताह में (1 दिन Sunday को Available)
पता : हिरा पन्ना जेम्स मेन रोड पहले
सम्पर्क करें : 7004769566

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

NEON ENTERPRISES 8210108590 8789361453 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड | वोटर कार्ड | मजदूर कार्ड | E-STAMP | राशन कार्ड | पैसा निकासी | स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी | ड्राइविंग लाइसेंस | पासपोर्ट फोटो प्रिंट | जाति, आवासीय, आय | जमीन रसीद होल्डिंग | ऑनलाइन फार्म | पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212 9334718303
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, राँची (झारखंड)

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

POPKORN cinemas | SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
SIKANDAR
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 07th April., 2025 onwards!
Sikandar : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Sikandar : 10.15, 1.00, 3.45, 6.30
at Popkorn Cinemas
Sikandar : 10.00, 11.30, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products
Particle Board Products | Epoxy Coating Product
Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 6203807455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

GULFAM KASHMIR HADICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बाबा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रालय), राँची
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

ADMISSION OPEN 90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
Separate Classes
ENROLL NOW
Free Demo Classes For 1 Week From 20th March
Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkhand

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
VERMA PRESS PVT. LTD.
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें ।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/-
36 वर्षों का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, राँची

DARSANI GEMS & ASTROLOGY
मेन रोड, हिरा - पन्ना जेम्स
Certify Gems MRP के साथ रत्न लेने से पहले जरूर कॉल करें
हम दिल से रिश्ते बनाते है
सम्पर्क करें : 7004769566

Dr. Pooja Sahu
(Oral and Dental Surgeon) Bds,mph
DR. AVAILABLE
Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त विवादों, न्यायिक कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21